

■ वित्त मंत्री सीतारमण बोलीं-संकट से प्रभावितों को समर्थन देने के लिए वित्तीय गुंजाइश -12




■ इंडियन ऑयल ने कहा- 4.88 करोड़ उपभोक्ताओं तक पहुंच रही एलपीजी -12



■ भारतीय उच्चायुक्त ने कहा-बांग्लादेश के साथ अपने संबंधों को फिर मजबूत करेगा भारत-13



■ आईपीएल में राजस्थान की आक्रामकता से सतर्क रहना होगा मुंबई को-14


आज का मौसम
32.0° अधिकतम तापमान
18.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.57 सूर्यास्त 06.33

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख कृष्ण पक्ष पंचमी 04:34 उपरांत षष्ठी विक्रम संवत 2083

मंगलवार, 7 अप्रैल 2026, वर्ष 7, अंक 132, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# यूसीसी, एक राष्ट्र-एक चुनाव अगला लक्ष्य

## भाजपा के 47वें स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री मोदी बोले- पार्टी के इन दो प्रमुख एजेंडों में सकारात्मक प्रगति हुई

नई दिल्ली, एजेंसी



- कार्यक्रम को डिजिटल तरीके से मोदी ने किया संबोधित, कहा- हमने 1994 में उठाया था महिला आरक्षण का मुद्दा
- बोले- भाजपा कार्यकर्ताओं ने आपातकाल जैसी कई कठिनाइयों को सहा और कांग्रेस शासन में उत्पीड़न को झेला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को समान नागरिक संहिता और एक राष्ट्र, एक चुनाव को भाजपा के दो अधूरे एजेंडे बताते हुए कहा कि इन पर गंभीर विचार-विमर्श हो रहा है तथा सकारात्मक दिशा में प्रगति हुई है। भाजपा के 47वें स्थापना दिवस पर एक कार्यक्रम को डिजिटल तरीके से संबोधित करते हुए, मोदी ने कहा कि पहली बार भाजपा ने 1994 में महिला आरक्षण का मुद्दा उठाया था, जबकि मौजूदा भाजपा नीत केंद्र सरकार महिला आरक्षण अधिनियम को 2029 के आम चुनाव में लागू करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, जिसके तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण होगा।

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा और कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने आपातकाल जैसी कई कठिनाइयों को सहा और कांग्रेस के शासन में उत्पीड़न का सामना किया है। उन्होंने कहा कि कई भाजपा कार्यकर्ताओं ने तो अपनी जान भी कुर्बान कर दी, जैसा कि बंगाल और केरल जैसे राज्यों में देखा गया, जहां हिंसा को एक राजनीतिक संस्कृति बना दिया गया है। कहा कि हमारा मिशन अभी जारी है। समान नागरिक संहिता, एक राष्ट्र, एक चुनाव और अन्य मुद्दों पर देश में गंभीर चर्चाएं चल रही हैं और हम इन पर सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। भाजपा देश को विकसित और आत्मनिर्भर बनाना चाहती है और इस दिशा में बढ़ती रहेगी। एक राष्ट्र, एक चुनाव प्रणाली में विधानसभा व लोकसभा के चुनाव एक साथ कराने का प्रस्ताव है। यूसीसी का उद्देश्य पूरे देश में विवाह, गोद लेने आदि के संबंध में सभी के लिए एक समान कानून बनाना है। मोदी ने कहा कि देश जानता है कि भाजपा हर चुनौती का सामना करने के लिए पूरी ईमानदारी से प्रयास कर रही है और ऐसा करती रहेगी, पहले भी सकारात्मक परिणाम मिले हैं, और भविष्य में भी मिलेंगे। ब्रिटिश काल के सैकड़ों काले कानूनों को खत्म करना, लोकतंत्र के लिए एक नए संसद भवन का निर्माण, सामान्य वर्ग के गरीबों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण, तीन तलाक पर प्रतिबंध लगाने वाला कानून, नागरिकता संशोधन अधिनियम, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण ऐसे अनगिनत काम हैं जो भाजपा के ईमानदार प्रयासों का परिणाम हैं।

### भाजपा ही एकमात्र ऐसी राजनीतिक पार्टी जिसे कार्यकर्ता मानते हैं अपनी मां : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी राजनीतिक पार्टी है, जहां कार्यकर्ता पार्टी को अपनी मां मानते हैं। मोदी ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा और आतंकवाद जैसे मुद्दों पर भाजपा का सतत रुख रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विशाल और पवित्र वटवृक्ष की छाया में भाजपा सद्भाव और ईमानदारी के साथ राजनीति करने के लिए प्रेरित हुई। उन्होंने कहा कि पार्टी 1984 को नहीं भूल सकती, जब कांग्रेस बड़ी संख्या में सीट जीती थीं, लेकिन देश ने यह भी देखा कि उन्होंने लोगों को कैसे धोखा दिया। भाजपा की स्थापना छह अप्रैल, 1980 को हुई थी।

## देश-समाज के लिए जीता है भाजपा कार्यकर्ताः मुख्यमंत्री



गोरखपुर में पार्टी के झंडा और कार्यकर्ताओं के साथ सेल्फी लेते मुख्यमंत्री योगी।

- स्थापना दिवस पर गोरखपुर में गरजे सीएम, राष्ट्र प्रथम को बताया मूल मंत्र
- संस्थापकों के आदर्शों और कार्यकर्ताओं के समर्पण से बनी विश्व की बड़ी पार्टी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता अपने लिए नहीं, बल्कि राष्ट्र और समाज के लिए जीता है। जनसंघ काल से चली आ रही राष्ट्र प्रथम की भावना ही भाजपा की असली ताकत है, जिसने उसे आज दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनाया है।

मुख्यमंत्री गोरखपुर के मानसरोवर रामलीला मैदान में भाजपा के 47वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा की यात्रा सत्ता की नहीं, बल्कि सेवा, संस्कार और समर्पण की यात्रा है। यही कारण है कि पार्टी आज देश की विकास यात्रा का नेतृत्व कर रही है और हर राष्ट्रभक्त को इस अभियान से जुड़ना चाहिए। योगी ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जनसंघ की स्थापना कर देश की एकता और अखंडता के लिए आवाज उठाई। वहीं दीनदयाल उपाध्याय ने 'अंत्योदय' का दर्शन देकर राजनीति को अंतिम पायदान तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त किया। अटल बिहारी वाजपेयी ने कठिन परिस्थितियों में भी पार्टी को स्थिरता दी और विकास की राजनीति को नई दिशा दी। सीएम ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने निर्णायक बदलाव देखा है। धारा 370 की समाप्ति, गरीब कल्याण योजनाओं का विस्तार और वैश्विक स्तर पर भारत की साख मजबूत होना इसी नेतृत्व का परिणाम है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जो कहा, वह करके दिखाया है,यही उसकी विश्वसनीयता है। योगी ने राम मंदिर निर्माण को ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह राष्ट्र की आस्था और संकल्प का प्रतीक है।

# दिल्ली विस में गेट तोड़कर घुसी एसयूवी, पीलीभीत के युवक सहित 3 हिरासत में

नई दिल्ली, एजेंसी



- सोमवार दोपहर सुरक्षा में बड़ी सेंध, वाहन जब्त, कार्यालय के बाहर एक गुलदस्ता रखकर भागा

दिल्ली विधानसभा की सुरक्षा में सोमवार दोपहर उस वक्त बड़ी सेंध लग गई, जब एक नकाबपोश व्यक्ति एसयूवी लेकर परिसर की सीमा पर बने द्वार को तोड़कर जबरन अंदर घुस गया और विधानसभा अध्यक्ष की कार पर एक गुलदस्ता रखकर उसी रास्ते से निकल भी गया। इसके बाद हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया। पुलिस ने बाद में उत्तरी दिल्ली के रूप नगर से चालक सहित तीन लोगों को हिरासत में लिया और टाटा सिएरा वाहन को जब्त कर लिया। यह घटना अपराह्न 2:10 बजे घटी, जब अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता विधानसभा स्थित अपने कार्यालय में थे।

विधानसभा की सुरक्षा में प्रतिदिन दिल्ली पुलिस और सीआरपीएफ के 100 से अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात रहते हैं। एक अधिकारी ने बताया कि पूरी घटना महज पांच से सात मिनट में घटित हो गई। पुलिस की कई टीमों और बम निरोधक दस्ते ने विधानसभा परिसर की पूरी तरह से तलाशी ली ताकि किसी भी तरह के खतरे की संभावना को खत्म किया जा सके। इस तलाशी के बाद परिसर में कुछ भी संदिग्ध नहीं पाया गया। फोरेंसिक विशेषज्ञों ने गुलदस्ते की भी जांच की। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के पीलीभीत निवासी 37 वर्षीय सरवजीत सिंह के रूप में हुई है और माना जाता है कि वह किसान आंदोलन का समर्थक है। उत्तर प्रदेश पुलिस पीलीभीत स्थित सिंह के आवास पर पहुंची और उसके परिवार के सदस्यों से पूछताछ की, जिन्होंने दावा किया कि वह मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित है।

### जांच के लिए समिति गठित कुचलने का इरादा दिखा

सुरक्षा में हुई चूक की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है और पूरे मामले की निगरानी विशेष आयुक्त स्तर के अधिकारी द्वारा की जाएगी। यह घटना ऐसे वक्त हुई है जब विधानसभा को हाल में समाप्त हुए बजट सत्र के दौरान बम संबंधी घटना हुई थी। पुलिस का आरोप है कि घटना के दौरान, आरोपी ने पीलीभीत पंजीकरण संख्या वाली गाड़ी को खतरनाक तरीके से चलाया और ड्यूटी पर तैनात सुरक्षाकर्मियों को कुचलने का स्पष्ट इरादा दिखाया।

## न्यूज ब्रीफ

### आईएसआई समर्थित आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई (इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस) द्वारा समर्थित एक आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से दो हथगोले एवं एक 'ग्लॉक' पिस्तौल बरामद की है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि हथगोलों पर पीओएफ (पाकिस्तान आयुध कारखाना) के चिह्न हैं जो सीमा पार संबंधों का संकेत देते हैं।

### आरबीआई ने बैंक प्रतिनिधियों की श्रेणियां बनाने के दिए निर्देश

**मुंबई।** आरबीआई ने सोमवार को बैंक प्रतिनिधियों को उनके काम के आधार पर दो श्रेणियों में रखने और उनके वेतन में समानता लाने का सुझाव दिया। केंद्रीय बैंक ने सोमवार को जारी शाखा मंजूरी संबंधी मसौदा मानदंडों में तीन प्रकार के वितरण बिंदुओं को परिभाषित करने का प्रस्ताव दिया है जिसमें बैंक शाखाएं, बैंक प्रतिनिधि-बैंक आउटलेट्स (बैंक शाखा, एटीएम, एक्सटेंशन काउंटर) और बैंक प्रतिनिधि-बैंकिंग टचपॉइंट (बीसी-बीटी) शामिल हैं। बैंक प्रतिनिधि को दूर-दराज के इलाकों में बैंकिंग सेवाएं देने के लिए नियुक्त किया जाता है।

# हमले में ईरानी सेना के खुफिया प्रमुख मारे गए, नया युद्धविराम प्रस्ताव भेजा

दुबई, एजेंसी



ईरान के मिसाइल हमले से इजराइल में क्षतिग्रस्त हुईं कारें और अपार्टमेंट।

- तेहरान में ताबड़तोड़ बमबारी में 25 से अधिक की गई जान
- ईरान ने इजराइल और पड़ोसी खाड़ी देशों पर मिसाइलें दागीं

इजराइल और अमेरिका ने सोमवार को ईरान पर बड़े पैमाने पर हमले किए, जिनमें 25 से अधिक लोगों की मौत हो गई। इसके जवाब में ईरान ने इजराइल और पड़ोसी खाड़ी देशों पर मिसाइलें दागीं। होर्मुज खोलने के लिए ईरान को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा दी गई समयसीमा नजदीक आने के बीच मध्यस्थों ने युद्धविराम का नया प्रस्ताव पेश किया है।

सोमवार सुबह हुए हवाई हमलों में तेहरान में स्थित शरीफ प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय को निशाना बनाया गया। ईरानी मीडिया के अनुसार, इस हमले में विश्वविद्यालय की इमारतों के साथ-साथ परिसर के पास स्थित प्राकृतिक गैस वितरण केंद्र को भी नुकसान पहुंचा। ईरानी सरकारी मीडिया के अनुसार, तेहरान पर हुए एक हमले में अर्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड के खुफिया प्रमुख मेजर जनरल माजिद खादेमी की भी मौत हो गई। वहीं, ईरानी मिसाइलों ने उत्तरी इजराइल के शहर हाइफा को निशाना बनाया, जहां एक रिहायशी इमारत के मलबे से चार लोगों के शव बरामद किए गए। अधिकारियों के मुताबिक, तेहरान के दक्षिण-पश्चिम में इस्लामशहर के पास हुए हमले में कम से कम 15 लोगों की मौत हुई। वहीं, कोम के एक रिहायशी इलाके पर हमले में पांच लोगों की जान गई, जबकि अन्य शहरों में हुए हमलों में छह और लोगों की मौत हुई। इसके अलावा, तेहरान में एक घर पर हुए हवाई हमले में तीन और लोगों की मौत हो गई।

### तेहरान ने नवीनतम युद्धविराम प्रस्ताव खारिज किया, कहा- युद्ध का स्थायी अंत चाहिए

**तेहरान।** ईरान ने नवीनतम युद्धविराम प्रस्ताव को खारिज कर दिया है और कहा कि वह युद्ध का स्थायी अंत चाहता है। यह खबर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा तेहरान को होर्मुज खोलने के लिए ईरान को दी गई समयसीमा नजदीक आने से ठीक पहले आयी है। ईरान ने पाकिस्तान के माध्यम से अमेरिका को अपना जवाब दे दिया है। काहिरा स्थित ईरानी राजनयिक मिशन के प्रमुख मोजतबा फरदौसी पोर ने सोमवार को बताया, हम केवल युद्धविराम स्वीकार नहीं करेंगे। हम युद्ध की समाप्ति तभी स्वीकार करेंगे जब हमें यह गारंटी दी जाए कि हम पर दोबारा हमला नहीं किया जाएगा।

# कोर्ट परिसर में अधिवक्ता ने चचेरे भाई को गोली मारी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



गोली लगने से घायल जितेंद्र राज।

- घायल भाई भी है अधिवक्ता गंभीर हालत में लखनऊ रेफर
- गोली चलने से पहले जमकर चले हेलमेट, जंजीर-लात-घूंसे

> प्रारंभिक जांच में पारिवारिक विवाद सामने आया है। रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सीओ सिटी के नेतृत्व में टीम लगाई गई है। जल्द ही आरोपी पकड़े जाएंगे। प्रकरण की जांच चल रही है। -डॉ. ख्याति गर्ग, एसपी

**अमृत विचारः** पारिवारिक विवाद में अधिवक्ता ने अपने चचेरे भाई को सोमवार को कचहरी परिसर में गोली मार दी। सीने में गोली लगने से अधिवक्ता जितेंद्र राज गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर ही गिर पड़े। उन्हें आनन-फानन में जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने लखनऊ रेफर किया है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस-प्रशासनिक अफसर पहुंच गए और घटना की जानकारी हासिल की।

शहर के मोहल्ला कमलापुरी निवासी अधिवक्ता जितेंद्र राज सोमवार को दिन में 11 बजे अपने तख्त पर बैठे थे। पास ही उनके चचेरे भाई विराट राज भी अपना कार्य निपटा रहे थे। दोनों परिवारों के बीच पहले से ही विवाद चल रहा है। इसी दौरान दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हुई, जो जल्द ही मारपीट में बदल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक दोनों पक्षों के बीच पहले जमकर लात-घूंसे चले। देखते ही देखते हेलमेट और जंजीर से भी एक-दूसरे पर हमला किया जाने लगा। मारपीट की जानकारी पर विराट पक्ष के कुछ और लोग मौके पर पहुंच गए, जिससे विवाद और उग्र हो गया। बताया जाता है कि इसी अफरा-तफरी के बीच विराट पक्ष की ओर से गोली चला दी गई, जो सीधे जितेंद्र राज के सीने में जा लगी। गोली लगते ही वह लहूलुहान होकर तख्त पर गिर पड़े। घटना के बाद पूरे कचहरी परिसर में भगदड़ और दहशत का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी डॉ. ख्याति गर्ग सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। पुलिस ने घायल अधिवक्ता जितेंद्र राज को अस्पताल भिजवाया। डीएम-एसपी ने सीडीओ अभिषेक के साथ जिला अस्पताल पहुंचकर घायल का हाल जाना और डॉक्टरों से भी बातचीत की। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने घायल को लखनऊ रेफर कर दिया है।

## सीईसी के खिलाफ नोटिस अस्वीकार

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने के लिए प्रस्ताव लाने संबंधी विपक्ष के नोटिस को सोमवार को अस्वीकार कर दिया। विपक्षी दलों के सदस्यों ने 12 मार्च को यह नोटिस सौंपा था। लोकसभा सचिवालय ने कहा कि अनुच्छेद 324(5), सीईसी और अन्य ईसी (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यालय की अवधि) अधिनियम, 2023 की धारा 11(2) व न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 के तहत लोकसभा के 130 सदस्यों द्वारा हस्ताक्षरित 12 मार्च, 2026 के एक प्रस्ताव संबंधी नोटिस लोकसभा अध्यक्ष को सौंपा गया था जिसमें सीईसी को हटाने की मांग की गई थी।

## अधिवक्ता की हत्या में 3 को मौत की सजा

मुजफ्फरनगर, एजेंसी

- यहां की एक अदालत ने सुनाया फैसला, एक अन्य को सात वर्ष कारावास की सजा
- अधिवक्ता मोहम्मद समीर (28) का अपहरण कर की गई थी हत्या

यहां की एक अदालत ने अधिवक्ता का अपहरण कर उसकी हत्या के मामले में सोमवार को चार आरोपियों को दोषी करार दिया। एक शासकीय अधिवक्ता ने यह जानकारी दी। अदालत ने चार में से तीन दोषियों को मौत की सजा जबकि एक को सात वर्ष कारावास की सजा सुनाई।

शासकीय अधिवक्ता कुलदीप ने बताया कि मुजफ्फरनगर की त्वरित अदालत ने अधिवक्ता मोहम्मद समीर (28) के अपहरण और हत्या मामले में सोमवार को रिजवान अहमद, सिंगोल अल्वी और शालू उर्फ अरबाज को मौत की सजा सुनाई। कोर्ट ने तीनों दोषियों पर एक-एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। कुमार ने बताया कि अदालत ने मामले में सह-आरोपी दिनेश को सात साल कारावास की सजा सुनाई है।

# बरेली: किडनैपर थे मरने वाले बोलेरो सवार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- हरियाणा के ऑटो ड्राइवर व उसके दो मासूम बेटों को किया था अगवा
- बच्चों को शिफ्ट करते समय टैंकर से टकराई थी बोलेरो
- अपहर्ता मनमोहन व दो साथियों की हुई मौत, चौथा घायल

**अमृत विचार।** दिल्ली हाईवे पर एक दिन पहले हुए भीषण हादसे की जांच में बरेली पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है। एक्सीडेंट में मारे गए कार सवार तीन लोग पेशेवर अपराधी थे और गुरुग्राम से ऑटो ड्राइवर मनोज व उसके दो मासूम बेटे कुनाल (5) और लक्ष्य (3) का अपहरण कर भागे थे।

बच्चों को कार की डिग्गी में छिपाकर दूसरी जगह शिफ्ट करते समय मुख्य आरोपी मनमोहन व उसके दो साथियों की कार एक्सीडेंट में मौत हो गई, जबकि अस्पताल में भर्ती चौथा साथी प्रिंस पुलिस की हिरासत में है। पुलिस ने मृतक मनमोहन के पिता को गिरफ्तार कर उसके घर में बंधक बनाकर रखे गए ऑटो चालक मनोज को सकुशल मुक्त करा लिया है। गुरुग्राम पुलिस भी बरेली पहुंच गई और कार्रवाई में जुट गई। एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि हादसे की जांच में पुलिस को चौंका देने वाली जानकारी मिली थी। घायल बोलेरो चालक प्रिंस से पूछताछ और उसके मोबाइल की जांच में संदिग्ध वीडियो मिले थे। जिसके बाद पुलिस ने नत्थू सिंह को हिरासत में लिया, जो मारे गए मनमोहन का पिता है। उसके घर से पुलिस ने बंद कर रखे गए गुरुग्राम निवासी ऑटो चालक अजय को सकुशल छुड़ा लिया।पुलिस की पूछताछ में पता लगा कि हत्या के मामले में पिता के साथ जेल से छूटकर बाहर आए मनमोहन के प्रेम सम्बंध ऑटो ड्राइवर मनोज की भांजी से थे। वे शादी करना चाहते थे मगर इसके खिलाफ था।

मनमोहन व उसके पिता ने पीलीभीत-रामपुर के अपराधियों से मिलकर मनोज के अपहरण व हत्या की साजिश रची थी। 4 अप्रैल को सुनियोजित तरीके से गुरुग्राम में मंदिर दर्शन को गए मनोज व उसके दो बेटे दक्ष व कुनाल को अगवा कर लिया गया था।

सुनवाई | न्यायालय ने मालदा घटना की जांच की जिम्मेदारी एनआईए को सौंपी

# प. बंगाल के मुख्य सचिव को सुप्रीम कोर्ट ने फटकारा

नई दिल्ली, एजेंसी



- कहा- हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की कॉल न उठाने के लिए माफी मांगें

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अपनी पूर्ण एवं असीमित शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए प. बंगाल के मालदा जिले में एसआईआर कार्य में जुटे सात न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाने का मामला एनआईए को स्थानांतरित कर दिया। वहीं, मुख्य सचिव दुश्यंत नरियाला को फटकार लगाई कि उन्होंने एक अप्रैल को कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की कॉल उस वक्त नहीं उठाई, जब न्यायिक अधिकारियों का घेराव किया गया था। पीठ ने कहा कि उन्हें मुख्य न्यायाधीश से कॉल न उठाने के लिए माफी मांगनी चाहिए।

सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने कहा कि बंगाल में नौकरशाही की विश्वसनीयता कम की जा रही है और सचिवालय एवं सरकारी कार्यालयों में राजनीति घुसाई जा रही है। पीठ ने आदेश दिया कि राज्य पुलिस द्वारा मालदा घटना से जुड़े 26 गिरफ्तार व्यक्तियों से एनआईए द्वारा पूछताछ की जाए, भले ही वे न्यायिक हिरासत में क्यों न हों। शीर्ष अदालत ने कहा कि मालदा में एसआईआर कार्य में जुटे न्यायिक अधिकारियों को घंटों तक घेर लिए जाने की घटना वास्तव में पूर्व-नियोजित और किसी विशेष उद्देश्य से प्रेरित थी।

### एसआईआर मामले में हाईकोर्ट से 3 जजों का पैनल बनाने को कहा

**नई दिल्ली।** शीर्ष कोर्ट ने कहा कि चुनावी राज्य प. बंगाल में मतदाता सूचियों के एसआईआर के दौरान मतदाता सूची से बाहर किए गए करीब 60 लाख लोगों के दावों और आपत्तियों का सोमवार 6 अप्रैल को ही निस्तारण किया जाएगा। यह भी कहा कि राज्य में केंद्रीय बल तैनात रहेंगे। शीर्ष अदालत ने एक महिला न्यायिक अधिकारी का अपने परिजनों की सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त करने वाला वीडियो देखने के बाद कहा कि हाल के दिनों में जिस तरह की घटनाएं हुई हैं, उन्हें देखते हुए केंद्रीय बलों को वापस नहीं बुलाया जाएगा। पीठ ने कहा, यदि सरकारी तंत्र विफल होता है, तो हम सोचेंगे कि क्या किया जा सकता है। पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान द्वारा प्रतिनिधित्व की जा रही मुख्यमंत्री ममता की इस दलील पर गौर किया कि गलत तरीके से हटाए गए या जोड़े गए नामों के खिलाफ याचिकाओं की सुनवाई के लिए स्थापित 19 अपीलीय अधिकरण अभी क्रियान्वित नहीं हो सके हैं। सीजेआई ने हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से इन अधिकरणों के लिए समान प्रक्रियाएं तैयार करने के वास्ते पूर्व वरिष्ठ न्यायाधीशों की तीन सदस्यीय समिति गठित करने को कहा।

अमृत विचार



न्यूज ब्रीफ

## आग लगने से खेतों में गेहूं की फसल राख



**पुवायां, अमृत विचार :** नगर के बाहर बाईपास पर खेतों में अचानक आग लग गई, जिससे किसानों का कुछ भाग गेहूं जलकर राख हो गया। सोमवार दोपहर अचानक मोहम्मदी रोड पर बाईपास के किनारे खेतों में आग जलने लगी, जिससे आसपास के किसानों में हड़कम्प मच गया। आनन फानन में आसपास के किसानों ने दमकल विभाग को सूचित करते हुए आग के चारों ओर जुताई शुरू कर दी और आग बुझाने के प्रयास करने लगे। जिसके बाद बमुश्किल आग पर काबू पाया जा सका, हालांकि तब तक दमकल कर्मियों ने भी मौके पर पहुंचकर उनका साथ देकर आग पर काबू पाया। इस दौरान मनोज के खेत मे खड़ा गेहूं जलकर राख हो गया।

## तलवार से कान काटा रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जलालाबाद थाना क्षेत्र के मोहल्ला दयाल नगर निवासी रामसेवक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 04 अप्रैल की शाम को वह बाजार में सब्जी लेने के लिए गया था। आरोप है कि अमन गुप्ता आदि ने उसे रोक लिया और गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने तलवार से उसके प्रहार कर दिया, जिससे उसका एक कान कट गया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जाता है। पुलिस ने आरोपी अमन गुप्ता, अंशु गुप्ता, अर्जुन गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता निवासी दयाल नगर थाना जलालाबाद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

## वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज का कैंप आज

**अल्लाहगंज, वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज बंथरा के तत्वावधान में केडी सिंह कालेज सपहा मोड सुगसुगी में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन मंगलवार को किया जाएगा। शिविर मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों की टीम द्वारा चिकित्सकीय परीक्षण किया जायेगा। और नि :शुल्क दवाएं भी वितरित की जायेगी। यह जानकारी कालेज के संस्थापक संतोष कुमार सिंह परमार ने दी है।**

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया जिलापूर्ति कार्यालय का घेराव

### रसोई गैस की समस्या को लेकर जिला पूर्ति अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** रसोई गैस सिलेंडर की समस्या को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट स्थित जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान शिष्टमंडल ने ज़िला पूर्ति अधिकारी को 09 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। जिस पर डीएसओ ने सभी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई कर उपभोक्ताओं को राहत दिलाने का आश्वासन दिया।

सोमवार को कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रजनीश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय का घेराव करते हुए प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष ने गैस सिलेंडर आपूर्ति में अनियमितताओं और केवाईसी के नाम पर धन उगाही एवं कालाबाजारी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि रसोई गैस सिलेंडर की आपूर्ति में अनियमितता, दुर्घटनाओं की बढ़ती घटनाएं तथा कालाबाजारी के कारण आम जनता में भय एवं आक्रोश की स्थिति उत्पन्न हो गई है।



कलेक्ट्रेट स्थित जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय का घेराव करते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

● डीएसओ ने दिया शीघ्र उपभोक्ताओं को राहत दिलाने का आश्वासन

उन्होंने कहा कि कुछ गैस एजेंसियां एवं संबंधित कर्मी केवाईसी के नाम पर उपभोक्ताओं से अवैध रूप से वसूली कर हैं। आम नागरिकों को भ्रमित कर उनसे अनावश्यक शुल्क लिया जा रहा है, जो अनुचित एवं गैरकानूनी है। कई उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, जबकि कुछ स्थानों पर अधिक मूल्य लेकर अवैध रूप से सिलेंडर उपलब्ध कराए जाने की शिकायतें मिल रही हैं।

इसके बाद शिष्टमंडल ने डीएसओ को 9 सूत्री मांगपत्र सौंपा। जिसमें कहा गया कि गैस सिलेंडर वितरण प्रणाली को पूर्णतः पारदर्शी बनाया जाए तथा इसकी नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। केवाईसी के नाम पर हो रही अवैध धन उगाही पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा दोषी एजेंसियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। डीएसओ चंचल शर्मा ने शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए त्वरित एवं प्रभावी कदम उठाने का आश्वासन दिया।

इस मौके पर तनवीर सफदर, प्रेम प्रकाश वाल्मीकि, फुरकान अहमद कुरैशी, गौरव त्रिपाठी, संजय सक्सेना, बीएन सिंह यादव, रामजी शुक्ला, आशीष सिंह सोमवंशी, ओमपाल जाटव, कमल किशोर मिश्रा, सलमान अंसारी, उदयराज सिंह, कुलदीप गुप्ता, नूरे सहर बी, रानी पांडे, रामलली राठौर, फरमान खान, परवेज, सुधांशु मिश्रा, नितिन तिवारी, फुरकान अहमद कुरैशी आदि मौजूद रहे।

## फार्मर रजिस्ट्री सत्यापन कराना आवश्यक : एसडीएम

**तिलहर, अमृत विचार :** फार्मर रजिस्ट्री का सत्यापन करने के लिए एसडीएम सदानंद सरोज ने लेखपालों को सख्त निर्देश दिए।

एसडीएम ने सम्मान निधि का लाभ लेने के लिए किसानों से फार्मर रजिस्ट्री सत्यापन कराने की अपील की। एसडीएम सदानंद सरोज ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ पाने के लिए सभी किसानों को अविलंब फार्मर रजिस्ट्री कराना अनिवार्य है। फार्मर रजिस्ट्री डिजिटल किसान बही की तरह काम करेगी।उन्होंने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री करने वाले किसानों को किसान सम्मान निधि मिलना सुनिश्चित होगा।किसानों को फार्मर रजिस्ट्री के लिए भटकना न पड़े इसके लिए इलाके के जन सेवा केंद्र संचालकों को निर्देशित किया जा रहा है। एसडीएम ने जानकारी देते हुए बताया कि छह अप्रैल से पंद्रह अप्रैल तक विशेष अभियान के तहत कैंप लगाकर फार्मर रजिस्ट्री का सत्यापन प्रत्येक गांव में किया जाएगा।

# अभिनेता आलोक पांडेय को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● भारतेंदु नाट्य अकादमी के स्वर्ण जयंती समारोह में मिला सम्मान

**अमृत विचार :** जिले के रहने वाले फिल्म अभिनेता आलोक पांडेय को भारतेन्दु नाट्य अकादमी लखनऊ की स्थापना के 50 साल पूरे होने पर आयोजित स्वर्ण जयंती समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंगवस्त्र और प्रशस्ति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अकादमी के पूर्व छात्र रहे आलोक ने यहां से अभिनय का विधिवत प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

जिले के भावलखेड़ा ब्लॉक के एक छोटे से गांव ददऊ में पंडित शिवराम पांडेय और राजकांति पांडेय के घर में जन्मे आलोक पांडेय साधारण किसान परिवार में पले-बढ़े। आलोक ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत 2006 में शाहजहांपुर की संस्कृति नाट्य मंच के साथ की। जिसके निर्देशक आलोक सक्सेना से अभिनय का ककहरा सीखा। उन्होंने मुख्य रूप से नाटक अग्नि और बरखा, मार पराजय, होली आदि में अभिनय किया।

उसके बाद साल 2009 से 2011 तक भारतेन्दु नाट्य अकादमी में अभिनय का प्रशिक्षण लिया। उसके बाद सत्यजीत रे फिल्म एवं टीवी इंस्टीट्यूट कोलकाता से उन्होंने कैमरे के अभिनय की बारीकियों को सीखा।

साल 2012 में आलोक ने मुंबई में अभिनय की शुरुआत डीडी नेशनल के धारावाहिक "हमारे गांव कोई आएगा" के साथ की, लेकिन फिल्म "एमएस धोनी : द अनटोल्ड स्टोरी" ने उनके करियर की दिशा ही बदल दी। इस फिल्म में उन्होंने महेंद्र सिंह धोनी के करीबी मित्र "चित्तू" की भूमिका निभाई। आज आलोक पांडेय फिल्मों और वेब सीरीज दोनों में सक्रिय हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों सम्मानित किए जाने पर परिवार, गांव और उनकी अभिनय की प्राथमिक पाठशाला संस्कृति नाट्य मंच के कलाकार साथियों में खुशी की लहर दौड़ गई। मां राजकांति पांडेय, पत्नी आरती पांडेय, भाई संजय पांडेय, अजीत पांडेय, सुबोध पांडेय, आर्यन पांडेय, रंगगुरु आलोक सक्सेना, साथी अभिनेता मो. आजम खां, रवि चौहान, धर्मेन्द्र सिंह सिसोदिया, संकल्प अग्निहोत्री, अंकित सक्सेना, कप्तान कर्णधार, मनोज यादव, आशीष त्रिवेदी आदि ने आलोक की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया है।

# बारदाना-कैमरों को लेकर विधायक सख्त

संवाददाता, रौसर कोठी

**अमृत विचार :** ददरौल विधायक अरविन्द सिंह ने रौजा मंडी में गेहूं खरीद व्यवस्था का निरीक्षण किया और किसानों की समस्याएं सुनीं। निरीक्षण के दौरान किसानों ने बारदाना (बोरी) की कमी, धीमी खरीद और अव्यवस्थाओं की शिकायत की। विधायक ने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए।

सोमवार को विधायक ने मंडी अधिकारियों और विपणन निरीक्षकों से कहा कि बारदाना की कमी के कारण किसानों की खरीद प्रभावित नहीं होनी चाहिए। तत्काल पर्याप्त बारदाना की व्यवस्था कर खरीद प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि किसान कई दिनों तक मंडी में परेशान न हों, इसके लिए तौल और खरीद समय पर की जाए। विधायक ने खरीद केंद्रों पर पारदर्शिता बनाए रखने के लिए कैमरे लगाने के निर्देश भी दिए, ताकि गेहूं तौल और खरीद प्रक्रिया की निगरानी हो सके और किसी प्रकार की गड़बड़ी की शिकायत न आए। साथ ही मंडी में पेयजल और छाया की व्यवस्था सुनिश्चित करने को भी कहा।



रौजा मंडी में गेहूं खरीद का निरीक्षण कर किसानों की समस्याएं सुनते विधायक अरविंद सिंह।

● रोजा मंडी में किया औचक निरीक्षण, गेहूं खरीद में पारदर्शिता के दिए निर्देश

इस दौरान विधायक ने किसानों से सीधे बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और कई समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को मौके पर ही निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि किसानों का गेहूं सरकारी समर्थन मूल्य पर ही खरीदा जाएगा और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के बाद मंडी प्रशासन में हड़कंप मच गया और व्यवस्थाएं सुधारने की बात कही।

## एफसीआई डायरेक्टर का किया स्वागत

**तिलहर, अमृत विचार :** एफसीआई के सलाहकार समिति सदस्य व डायरेक्टर प्रदीप पांडे ने नगर में पहुंचकर वरिष्ठ ब्राह्मण नेता के घर पहुंच कर हाल-चाल जाना। इस दौरान श्री पांडे का स्वागत किया गया।

जनपद में ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ संस्कृत विद्वान आचार्य भानु प्रताप मिश्र इन दिनों अस्वस्थ चल रहे हैं। जानकारी मिलने पर भारतीय खाद्य निगम की सलाहकार समिति के डायरेक्टर प्रदीप पांडे नगर के मोहल्ला हिंदू पट्टी स्थित उनके आवास पर पहुंचे और उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। आचार्य भानु प्रताप मिश्र ने एफसीआई समिति के सलाहकार नियुक्त होने पर प्रदीप पांडे को बधाई दी। इस दौरान अधिवक्ता शैलेंद्र मोहन मिश्रा, आलोक शर्मा, राजू शर्मा आदि मौजूद रहे।

# समर्थन मूल्य 2585 के बावजूद 2200–2400 में बिक रहा गेहूं

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार :** सरकार द्वारा गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है, लेकिन क्षेत्र की मंडियों में किसानों को 2200 से 2400 रुपये तक ही दाम मिल रहे हैं। इससे किसानों में भारी नाराजगी व्याप्त है।

गेहूं खरीद को लेकर सरकार जहां सख्त नियम लागू कर रही है, वहीं जमीनी स्तर पर क्रय केंद्रों की स्थिति संतोषजनक नहीं दिख रही। केंद्र प्रभारियों की मनमानी और अव्यवस्था के चलते पुवायां मंडी में अब तक सरकारी खरीद लगभग शून्य बनी हुई है। मजबूरी में किसान अपनी उपज 2200 से 2300 रुपये प्रति क्विंटल तक बेचने को विवश हैं, जबकि व्यापारियों के पास गेहूं लगातार कम दामों में पहुंच रहा है।

क्रय केंद्रों पर खरीद न होने की प्रमुख वजह बारदाना (बोरी) की कमी बताई जा रही है। केंद्र प्रभारियों के अनुसार पर्याप्त बारदाना उपलब्ध न होने से खरीद प्रक्रिया शुरू नहीं हो पा रही, जिससे किसान केंद्रों से दूर हो रहे हैं और बिचौलियों को इसका सीधा लाभ मिल रहा है। किसानों का आरोप है कि बिचौलिए कम दामों पर गेहूं खरीदकर बाद में उसे क्रय केंद्रों पर ऊंचे दामों में दर्ज कराते हैं, जिससे किसानों को नुकसान और बिचौलियों को लाभ मिल रहा है। गेहूं खरीद में हो रही अनियमितताओं को लेकर किसान संगठनों ने कड़ा विरोध जताया है। भाकियू नेता अनिल सिंह ने कहा कि खरीद प्रक्रिया में बड़ी धांधली हो रही है और यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। हाल ही में हुई धान खरीद के दौरान सामने आई समस्याओं के बावजूद प्रशासन ने गेहूं खरीद को लेकर कोई ठोस रणनीति नहीं बनाई। इससे साफ है कि व्यवस्था को पारदर्शी और सुचारू बनाने में प्रशासन अभी भी पीछे नजर आ रहा है।

**जल्द ही समस्या का समाधान कराया जाएगा**

इस मामले में एसडीएम चित्रा निर्वाल ने बताया कि गेहूं खरीद में कुछ केंद्र प्रभारियों के द्वारा बारदाना न मिल पाने की समस्या बताई गई है, जिसको लेकर उच्चाधिकारियों से वार्ता की गई है, जल्द ही समस्या का समाधान करवा दिया जाएगा।

## निबंध प्रतियोगिता में पाया प्रथम स्थान, किया सम्मानित

संवाददाता, जलालाबाद

**अमृत विचार :** भारतीय शिक्षा समिति ब्रज प्रदेश में तरुण वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त छात्रा पंखुरी शुक्ला को प्रान्त की ओर से भेजा गया प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान के तत्वावधान में छात्रों की प्रतिभा खोज के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थी। इसके अन्तर्गत आचार्य राममोहन मिश्र सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज जलालाबाद में 14 सितम्बर को हिंदी दिवस पर तरुण वर्ग में महाकुम्भ राष्ट्रीय एकता का प्रतीक विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभाग कर कक्षा एकादश की पंखुरी शुक्ला ने भारतीय शिक्षा समिति ब्रज प्रदेश में तरुण वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान की ओर से प्रमाण पत्र विद्यालय में भेजा गया। वन्दना सत्र में छात्रा पंखुरी शुक्ला को विद्यालय के प्रधानाचार्य नवीन कुमार गौतम ने साहित्य व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।



छात्रा पंखुरी शुक्ला को साहित्य व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते प्रधानाचार्य।

# मेधावी छात्रों को मिला परीक्षा फल व पुरस्कार

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार :** कंपोजिट विद्यालय पुवायां द्वितीय में सोमवार को वार्षिक परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसएमसी अध्यक्ष लक्ष्मी देवी एवं प्रधानाध्यापिका कमलेश कुमारी ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया।

कार्यक्रम में परी, दिव्यांशी, मुस्कान, कनक, अभिषेक, आराध्या व वैष्णवी को शत-प्रतिशत उपस्थिति के लिए उनके अभिभावकों सहित सम्मानित कर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 1 से 8 तक प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं शैली, नव्या, शगुन, गौरी, शोभा, रिया, गुनगुन, अमन, छाया, प्रिया, सूर्यांश, निम्मी, कृष्णा, आदित्य, नवदीय व अन्य को परीक्षा फल व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं विशेष छात्र के रूप में केशव को भी पुरस्कृत किया गया।



कंपोजिट विद्यालय पुवायां द्वितीय में मेधावी छात्रों को पुरस्कार देते मुख्य अतिथि।

● कंपोजिट विद्यालय पुवायां द्वितीय में वार्षिक परीक्षाफल वितरण

कार्यक्रम का संचालन करते हुए रमेश शुक्ल राही ने अभिभावकों से स्कूल चलो अभियान के तहत छूटे हुए बच्चों का नामांकन विद्यालय में कराने की अपील की और अभियान की जानकारी दी। इस मौके पर विद्यालय की शिक्षिकाएं सीमा भारद्वाज, अनुपम द्विवेदी, ज्योति गुप्ता, शाखा अग्रवाल, उषा द्विवेदी, प्रिया सक्सेना, आभा मिश्रा सहित समस्त स्टाफ व रसोइयों की उपस्थिति रही। अंत में प्रधानाध्यापिका कमलेश कुमारी ने सभी अभिभावकों व बच्चों का आभार व्यक्त किया।

## प्रोजेक्ट मैनेजर को जान से मारने की दी धमकी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कानपुर देहात के मोहल्ला भटौली निवासी आलोक शुक्ला ने खुदागंज थाना पर रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह सूरज बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रोजेक्ट मैनेजर है। कंपनी कटरा में रोड बनाने का काम कर रही है। आस-पास की लेबर काम करती है। रामसिंह निवासी भुण्डी थाना खुदागंज काम करता था। कई दिन से काम पर न आने से उसे हटा दिया गया था। इसी बात से वह नाराज हो गया था। रविवार की शाम पांच बजे भुण्डी निर्माणाधीन पुल पर आरोपी रामसिंह आया और गाली देने लगा। विरोध करने पर आरोपी मारपीट पर आमादा हो गया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# भूतपूर्व सैनिकों की रैली में एनसीसी कैडेट्स हुए पुरस्कृत



एनसीसी कैडेट्स को पुरस्कृत करते कमान अधिकारी कर्नल संग्राम सिंह चीमा।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** गैरिसन पब्लिक स्कूल, कैंट में आयोजित भूतपूर्व सैनिकों की रैली में एनसीसी कैडेट्स ने उत्साह के साथ भाग लिया। शानदार प्रदर्शन करने के लिए एनसीसी कैडेट को पुरस्कृत किया गया।

एनसीसी कैडेट्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये और पायलेट्स की भूमिकाएं निभाईं। 25 यूपी बटालियन एनसीसी के एनसीसी कैडेट्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में एकल डांस, ग्रुप डांस और सोशल मीडिया का असर के ऊपर एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर प्रशंसा बटोरी। एनसीसी कैडेट्स के प्रदर्शन को उपस्थित सेवारत और भूतपूर्व सैनिकों ने सराहा। पायलट की भूमिका निभा रहे कैडेट्स के ड्रिल का स्तर श्रेष्ठ रहा। 25 यूपी बटालियन एनसीसी प्रांगण में बटालियन कमान अधिकारी कर्नल संग्राम सिंह चीमा ने कैडेट्स को सर्टिफिकेट दिए।

# पोस्टमार्टम हाउस पर शेड, कुर्सी की व्यवस्था के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने आधुनिक पोस्टमार्टम हाउस का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां पर आने वाले परिवारों के बैठने के लिए शेड निर्माण और कुर्सियों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। 15 दिन के अंदर आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कराई जाए।

डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह टीम के साथ सोमवार की दोपहर आधुनिक पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचे। उन्होंने पोस्टमार्टम हाउस का निरीक्षण किया। उन्होंने छाया, पेयजल, बैठने की व्यवस्था समेत अन्य आवश्यक सुविधाओं की स्थिति का अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं को शीघ्र सुधार करने के निर्देश दिए। डीएम कहा कि निरीक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बाहर से आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने पेयजल स्थल पर स्पष्ट सूचना अंकित कराने, पर्याप्त छाया की व्यवस्था करने तथा परिसर में टाइल्स लगाने के निर्देश दिए। साथ ही पोस्टमार्टम हाउस परिसर में बैठने के लिए शेड निर्माण और कुर्सियों की व्यवस्था प्राथमिकता के आधार पर कराने को कहा। उन्होंने निर्देशित किया कि छाया, पेयजल, बैठने सुविधा सहित सभी आवश्यक सुविधाएं 15 दिनों के भीतर पूर्ण करायी जाए। पुलिस विभाग की ओर से की जाने वाली कार्यवाही के दौरान भी इन सुविधाओं का समुचित प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि पोस्टमार्टम हाउस वाली जर्जर सड़क बनायी जाए। पोस्टमार्टम हाउस में शवों को रखने के लिए फ्रीजर की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार, सीएमओ, सीएमएस आदि संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



आधुनिक पोस्टमार्टम हाउस का निरीक्षण करते डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह। ● अमृत विचार

● दूर दराज से आते हैं परिजन जर्जर सड़क की कराएं मरम्मत

● डीएम ने पोस्टमार्टम हाउस का किया निरीक्षण, खामियां देखीं

## झोपड़ी में आग लगने से तीन भैंसें झुलसी

**जैतीपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव भिटारा में रामपाल ने घर के बाहर पशुओं के लिए झोपड़ी डाल रखी है। चेतराम ने बताया कि उसका भाई हरियाणा मजदूरी करने गया है। रविवार को भाई की पत्नी भी मेहमानी में चली गई। घर पर बेटा आकाश था।

वह स्वयं खेत पर फसल की रखवाली करने गया। रात 12 बजे बजे लौटा तो झोपड़ी में आग की तेज लपटे उठती देखी। किसी तरह रस्सी काटकर पशुओं को बाहर निकाला। वहीं रामपाल के बेटे आकाश ने बताया कि वह घर के अंदर लेटा था। आग लगने की जानकारी पाकर उठा तो देखा उसके घर का दरवाजा बाहर से बंद था। किसी तरह बाहर निकल कर पशुओं को बचाया। अंदेशा है कि किसी ने रंजिशन आग लगाकर बाहर से दरवाजा बंद कर दिया। सूचना पाकर पहुंची थाना पुलिस ने पूछताछ कर आवश्यक जानकारी जुटाई। आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।

# भाकियू ने गेहूं खरीद केंद्रों पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

संवाददाता, बंडा

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक टिकैत गुट) ने बंडा ब्लॉक की मंडी में गेहूं क्रय केंद्रों पर भ्रष्टाचार का गंभीर आरोप लगाते हुए प्रशासन को पत्र लिखा है। यूनियन का कहना है कि अगर जल्द सुधार नहीं हुए तो बड़ा आंदोलन होगा। जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

ब्लाक अध्यक्ष रंजीत सिंह उर्फ रानू ने पत्र में कहा कि सरकार के 1 अप्रैल 2026 से गेहूं न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदने के आदेश के बावजूद, 6 अप्रैल तक बंडा मंडी में खरीद प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी। केंद्र संचालक किसानों को बहाना बनाकर ''बारदाना उपलब्ध न होने'' का हवाला दे रहे हैं, जिससे हताश किसान खाली हाथ लौट रहे हैं। मजबूरी में वे निजी व्यापारियों को 2100 से 2200 रुपये प्रति क्विंटल कम दाम पर गेहूं बेचने को विवश हैं। यूनियन के मुताबिक, बाद में ये ही बिचौलिए कमीशन लेकर उसी सरकारी केंद्र पर गेहूं तौलवा लेंगे, जो किसानों के साथ दोहरी मार है। पत्र देने वालों में ब्लाक अध्यक्ष रंजीत सिंह उर्फ रानू, गगनदीप सिंह, गगनदीप सिंह, परमजीत सिंह आदि नेता मौजूद रहे।



बंडा मंडी में गेहूं खरीद केंद्रों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते भाकियू के पदाधिकारी।

● भाकियू ने दी चेतावनी, जल्द सुधार नहीं हुए तो किया जाएगा आंदोलन

## न्यूज ब्रीफ

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कलान थाना क्षेत्र की एक किशोरी ने दिल्ली के लाहौरी गेट थाना पर 05 दिसंबर को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बाद में दिल्ली पुलिस ने शून्य अपराध पर मुकदमा दर्ज करके कलान थाना को भेज दिया था। थाना प्रभारी शिवदीन वर्मा ने बताया कि रिपोर्ट के आधार पर आरोपी को पॉक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया।

### तेज आंधी से गांवों की विद्युत सप्लाई बाधित

**मीरानपुर कटरा, अमृत विचार :** रविवार को तेज आंधी तूफान एवं आकाशीय बिजली से कटरा टाउन के अंतर्गत रामनगर कॉलोनी को विद्युत आपूर्ति देने वाले 630 केवीए परिवर्तक क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे कई मोहल्लों की विद्युत आपूर्ति 2 घण्टे बाधित हो गयी। ऐसे में ट्रॉसफार्मर ट्रॉली के माध्यम से मोहल्ला रामनगर कॉलोनी की विद्युत आपूर्ति बहाल की गयी। तेज आंधी के कारण कई जगहों पर पोल एवं तार टूटकर नीचे गिर गये। जिससे ग्राम बेहटा मुरादपुर, राघवपुर, कोठा, बाखरपुर, अमईपुर एवं अन्य कई ग्रामों की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गयी। उपखंड अधिकारी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि ग्रामों की विद्युत आपूर्ति बहाल करने का कार्य किया जा रहा है।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**निगोही, अमृत विचार :** पुलिस ने एससी, एसटी एक्ट आदि की धाराओं में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करके चालान कर दिया। पकड़ा गया अभियुक्त नन्हेलाल निवासी कुदिरना थाना निगोही है और उसका चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक सतीश तोमर आदि शामिल थे।

### झूठी सूचना देकर पुलिस को किया परेशान

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सिंधौली थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी कोरोकुइया पर सोमवार की दोपहर किसी व्यक्ति ने फोन पर सूचना दी कि कोरोकुइया नहर में एक व्यक्ति डूब गया है। सूचना मिलने पर पुलिस सक्रिय हो गयी और तुरंत रवाना हो गयी। घटना स्थल पर पुलिस ने पहुंचकर आस-पास के लोगों से जानकारी की। पुष्टि नहीं हो सकी। चौकी इंचार्ज अजीत सिंह ने बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने नहर में किसी व्यक्ति के कूदने की सूचना दी थी, जो जांच असत्य पायी गई। उन्होंने कि भ्रामक सूचना देने वाले के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# शहर में 24 घंटे में दो घरों से नगदी समेत लाखों रुपये के जेवर चोरी

## मोहल्ला तारीन जलालनगर और हद्दफ में हुई चोरी, सीसीटीवी कैमरे खंगाले

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** शहर में पिछले 24 घंटे के दौरान चोरों ने दो घरों को निशाना बनाया। चोरों ने अलमारी और बक्से के ताला तोड़ दिए। चोर नगदी समेत लाखों रुपये के जेवर चुराकर ले गए। दोनों मकान मालिक बाहर गए हुए थे और लौटकर आने पर चोरी की जानकारी हुई। पुलिस ने मौका मुआयना किया और सीसीटीवी कैमरे खंगाले है।



चोरी की घटना की जानकारी देते परिजन।। • अमृत विचार



कमरे में बिखरा सामान।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला तारीन जलाल नगर निवासी शबाना बेगम का बेटा अदनान अलीगढ़ में बीएड की तैयारी कर रहा है। उनका बड़ा बेटा हैदराबाद में जॉब करता है। उनकी रिश्तेदारी में पुत्तू लाल चौराहा पर किसी की मृत्यु हो गयी थी। वह मकान में ताला बंद करके चली गयी थी। वह वहां से लौटने के बाद अपने घर न जाकर देवर सलीम के घर रुक गयी थी। सोमवार की सुबह सात बजे घर पर गयी तो मकान के मुख्य दरवाजे का ताला खोला, लेकिन चोरों ने अंदर से कुंडी लगा रखी थी। उन्होंने रिश्तेदारों को बताया और कुंडी खोलकर मकान के अंदर गयी। उन्होंने देखा कि कमरों के ताले और अलमारी का लॉक टूटा हुआ और सामान बेड पर बिखरा पड़ा था। उन्होंने देखा कि चोर अलमारी में रखे 50 हजार रुपये, सोने की चेन, टॉप्स और चूड़ियां चुराकर ले गए है। चोर मकान के ऊपर पड़ा लोहे का जाल हटाकर नीचे उतरे थे। उन्होंने बताया कि चोर नगदी समेत करीब पांच लाख रुपये के जेवर ले गए है। सूचना

- रिश्तेदारी में गए थे घरवाले पुलिस ने किया मौका मुआयना

पर सदर बाजार पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस ने मौका मुआयना किया। पुलिस आस-पड़ोस में लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाला।

इधर, थाना क्षेत्र के मोहल्ला हद्दफ निवासी मजहर उल्ला 03 अप्रैल को मकान में ताला बंद करके परिवार के साथ बरेली गए हुए थे। रविवार को वह बरेली में ससुराल में बच्चों को छोड़ने के बाद 04 की सुबह घर पर आया तो देखा कि मकान का ताला टूटा हुआ था और कमरे में सामान बिखरा पड़ा था। उन्होंने सदर बाजार पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौका मुआयना किया। चोर अलमारी में रखा सोने का हार, बुंदे, झूमर, झुमकियाँ, अंगुठी, नथनी, एक लाख रुपये नगद ले गए है। पुलिस ने कैमरे चेक किए। इससे पहले भी कई चोरियां हो चुकी है, एक चोरी का खुलासा नहीं हुआ। सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी और चोरों की सुरागरसी की जा रही है।

## हनुमान जी की प्रतिमा की रील बनाने वाला गिरफ्तार

**निगोही अमृत विचार:** चोढेरा-चौढरी गांव में हनुमान जी की प्रतिमा के साथ दूसरे संप्रदाय के युवक ने अशोभनीय भाषा का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और चालान कर दिया।

निगोही थाना क्षेत्र के मोहल्ला रामनगर बगिया निवासी देवेश प्रताप सिंह ने थाना पर रिपोर्ट दर्ज करायी है कि चौढेरा-चौढेरी के साहिल ने हनुमान जी का फोटो लगाकर एक वीडियो बनाया, जिसमें राम राम की जगह अस्सलाम अलैकुम बोलते हुए दिखाया गया है। वीडियो वायरल होने के बाद हिन्दूवादी संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता गांव में पहुंच गए। उन्होंने युवकों की पहचान करके मंदिर परिसर में उठा-बैठक लगवाई और माफी मंगवाई पुलिस धार्मिक भावनाएं आहत करने के संबंध में मुकदमा पंजीकृत किया था। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। पुलिस ने ऐठापुर नकठिया तिराहे से आरोपी साहिल उर्फ शाहिद निवासी चौढेरा चौढेरी थाना निगोही को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से तमंचा, कारतूस और मोबाइल बरामद किया है। दो मुकदमे दर्ज है।

# अधिवक्ता ने दर्ज कराई दूसरे अधिवक्ता पर रिपोर्ट

- कचहरी में सीट को लेकर दो अधिवक्ताओं में हुआ विवाद
- मुवाक्किलों को धक्का देने और कुर्सी फेंकने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** कचहरी में सीट को लेकर दो अधिवक्ताओं में मारपीट आदि के मामले में दूसरे अधिवक्ता ने भी अधिवक्ता और 8 अज्ञात के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के डॉ. राजेंद्र प्रसाद भवन कचहरी निवासी अधिवक्ता अनीत कुमार त्रिवेदी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी सीट के उत्तर की तरफ उसके पिता राजकुमार त्रिवेदी की सीट है, जो कि 45 साल से प्रैक्टिस के वरिष्ठ अधिवक्ता है। उनकी सीट के पड़ोस में वंशीलाल अधिवक्ता की भी सीट थी, लेकिन उन्होंने दो साल से न्यायालय आना बंद कर दिया है। उनका एक तख्त पड़ा था।

जिसको हटाकर चार कुर्सी, मेज, एक बैंच जबरदस्ती अधिवक्ता प्रदीप कुमार व उनके सहयोगी ने डाल ली है। जगह न होने पर उसके पिता को आने-जाने में दिक्कत हो रही थी। 2 अप्रैल को दिन में 11 बजे प्रदीप कुमार ने वरिष्ठ अधिवक्ता राम कुमार त्रिवेदी की सीट पर बैठे मुवाक्किलों को धक्का देना शुरू कर दिया और कुर्सी फेंकने लगे। अनीत त्रिवेदी उनको समझाने के लिए गए।

आरोप है कि आरोपी प्रदीप कुमार ने उनका गला दबाने का प्रयास किया और मारना शुरू कर दिया। इसी बीच अधिवक्ता अनूप कुमार उसे बचाने के लिए आए तो उनको भी मारने लगे।

आरोपी ने एसएसटी आदि की धारा में झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। मारपीट में उनकी सोने की चेन व घड़ी टूटकर गिर गयी, जो काफी तलाश किया और नहीं मिली। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी प्रदीप कुमार तथा 8 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

## ड्यूटी जाते समय साइकिल से गिरकर होमगार्ड की मौत

- परिजनों ने पोस्टमार्टम कराए बिना किया अंतिम संस्कार

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** गांव नवदिया ओरीलाल निवासी होमगार्ड जवान राजकुमार (44) की हादसे में मौत हो गई। परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराए उनका अंतिम संस्कार कर दिया।



होमगार्ड राजकुमार।

गीता देवी ने बताया कि उनके पति राजकुमार खुटार होमगार्ड कंपनी में भर्ती थे और इस समय शाहजहांपुर में चौक कोतवाली में ड्यूटी कर रहे थे। सोमवार सुबह सात बजे पति ड्यूटी पर जाने को साइकिल से घर से निकले थे। खुटार-मैलानी रोड पर बाबा चौराहा जा रहे थे। वहां साइकिल खड़ी कर रोडवेज से बस पकड़ते। लेकिन इससे पहले ही बाबा मस्तराम मोड़ के पास उनके पति साइकिल समेत सड़क पर गिर गए और घायल हो गए। लोगों की सूचना पर परिजन पहुंचे और घायल राजकुमार को खुटार निजी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया।

होमगार्ड विभाग के खुटार कंपनी के प्लाटून कमांडर अनंत राम मिश्र, मायाराम मिश्र, बीओ राजेश कुमार व दर्जनों होमगार्ड उनके घर पहुंचे और श्रद्धांजलि दी व परिजनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की।

# नेचुरल गैस के कनेक्शन के लिए भूमिगत पाइप लाइन बिछाएं

- योजना के सुचारू क्रियान्वयन को गठित समिति की बैठक संपन्न

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जनपद में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) के नेटवर्क की स्थापना एवं वितरण योजना के सुचारू क्रियान्वयन हेतु गठित जनपद स्तरीय गठित समिति की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन से सम्बन्धित संस्थाओं को स्थानीय निकायों के घर-घर पाइप लाइन नेचुरल गैस के कनेक्शन वितरण हेतु भूमिगत पाइप लाइन बिछाए जाने के सम्बन्ध में दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी ने अवगत कराया कि जनपद में हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिडेट के द्वारा सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) नेटवर्क की स्थापना एवं वितरण का कार्य किया जा रहा है, जिसके नेटवर्क विस्तार एवं कनेक्शनों की संख्या में वृद्धि किया जाना है, ताकि पीएनजी के प्रयोग को बढ़ावा दिया जा सके।

पीएनजी गैस एलपीजी गैस से हल्की होने के कारण हवा में उड़ जाती है। इसलिए विषम परिस्थिति में किसी भी दुर्घटना की सम्भावना कम हो जाती है।

जिलाधिकारी ने जिला आपूर्ति अधिकारी व जिला अभिहित अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद में जिन स्थानों पर पीएनजी पाइप लाइन बिछी हुई है, उन स्थानों पर पड़ने वाले रेस्टोरेण्ट/होटल/ढाबा स्वामियों/प्रबन्धक/प्रो० को एक सप्ताह के भीतर पीएनजी के विक्रय अधिकारियों से समन्वय स्थापित कराते हुए पीएनजी गैस कनेक्शन का पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें। मुख्य रूप से जनपद एवं नगर निगम क्षेत्र में बड़े होटल्स व रेस्टोरेण्ट जिनके प्रतिष्ठान के नजदीक पीएनजी पाइप लाइन बिछी हुई है, उन होटल्स व रेस्टोरेण्ट के द्वारा तत्काल पीएनजी गैस कनेक्शन कराकर सप्लाई शुरू किये जाने के निर्देश दिए गए।

जनपद में संचालित मेडिकल कालेज में पीएनजी गैस कनेक्शन का पंजीकरण कराकर सप्लाई शुरू करने के निर्देश सम्बन्धित पीएनजी अधिकारियों को दिए गए। जिन स्थानों पर पीएनजी पाइप लाइन बिछी हुई है उन स्थानों पर संचालित रेस्टोरेण्ट / होटल/दाबों पर जनपद के समस्त पूर्ति निरीक्षक व खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम गठित कर पीएनजी अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए अधिक संख्या में रेस्टोरेण्ट / होटल/दाबा का पीएनजी कनेक्शन प्रतिदिन कराने हेतु निर्देशित किया गया जनपद में किसी भी प्रतिष्ठान पर व्यवसायिक गैस सिलेण्डर के स्थान पर घरेलू सिलेण्डर का प्रयोग पाए जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियिम की धारा 3/7 के अन्तर्गत प्राथमिकी दर्ज करायी जाएगी। जनपद में कांट नगर, ग्राम पिपरौला, ग्राम जमौर, टीचर्स कालोनी, गीता पुरम कालोनी, गार्डेन स्टेट-निकट पॉलीटेक्निक, साउथसिटी, आवास विकास निकट बरेली मोड़, काशीराम कालोनी, वृन्दावन गार्डन, अजीजगज, नवादा, बालाजी नगर निकट बरेली मोड़, सिटी पार्क, लोधीपुर, रेती, नईबस्ती, बसंत बिहार कालोनी, रौजा पॉवर टॉउनशिप, कृभको नगर टॉउनशिप आदि पीएनजी सप्लाई मुख्य एरिया मेँ पाइपलाइन उपलब्ध है।

इस अवसर पर नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) रजनीश कुमार मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार, अपर मुख्य अधिकारी महेन्द्र सिंह, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी चमन शर्मा, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशा०) सर्वेश कुमार सिंह, सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा / जिला अभिहित अधिकारी चन्द्र शेखर मिश्र, समिति के अध्यक्ष / सदस्यों सहित जनपद के विभिन्न रेस्टोरेण्ट / होटल/ढाबा स्वामियों/ प्रबन्धक / प्रोपराइटर मौजूद रहे।

## लापता किसान का शव बरामद

संवाददाता, पुवायां / शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** कालामठ बाईपास रोड एक लापता व्यक्ति का शव खेत में मिला है। शरीर में चोट के निशान नहीं पाए गए है। शुक्रवार से व्यक्ति लापता था, घर से खेत पर जाने के कहकर निकले थे। परिजन हत्या की आशंका व्यक्त कर रहे है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा।



मृतक चरनजीत।

पुवायां थाना क्षेत्र के गांव मुकीमपुर निवासी 55 वर्षीय चरनजीत सिंह शुक्रवार की सुबह खेत पर जाने के लिए कहकर घर से निकले थे। इसके बाद वह घर वापस नहीं आए। परिवार वाले देर रात तक उसकी तलाश करते रहे और कहीं पता नहीं चला। गुरपाल सिंह रविवार को पुवायां थाना पर गए और अपने पिता चरनजीत सिंह की गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस लापता व्यक्ति की तलाश कर रही थी। रविवार की शाम गांव के बाहर खेत में ग्रामीणों ने चरनजीत सिंह का शव पड़ा देखा। इधर, गुरपाल सिंह खेत पर गए और शव की शिनाख्त अपने पिता के रूप में की। उन्होंने थाना पर सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और परिवार वालों से जानकारी की।

परिवार वाले हत्या की आशंका जता रहे है। मृतक के शरीर पर कोई भी चोट के निशान नहीं थे। मृतक चरनजीत सिंह खेती बाड़ी करते थे। शव मिलने से परिवार में कोहराम मच गया। प्रभारी निरीक्षक करन सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## दो पर गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सरही गांव आंधी-बारिश के दौरान कंबाइन की चपेट में आने से मनोरमा की मौत के मामले में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सरही गांव के विपिन ने रोजा थाना में दी गई तहरीर में बताया कि रविवार को एक व्यक्ति ने फोन पर गेहूं की फसल काट लेने की धमकी दी थी। इसके बाद उसकी मां मनोरमा को खेत पर बुलाया था। मां फसल काटने का विरोध करते हुए कंबाइन के सामने खड़ी हो गयी थी। आरोप है कि उसने कंबाइन उसकी मां पर चढ़ा दी, जिससे उसकी मौत हो गयी। आरोपी कंबाइन लेकर भाग गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पति समेत 6 के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट

- महिला के भाई ने थाना सदर बाजार में दी थी तहरीर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** शहर में हुमैरा की मौत के मामले में पति समेत छह लोगों के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गयी है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है। बता दे कि सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला हद्दफ निवासी साजिद की पत्नी हुमैरा का शव रविवार की शमा कमरे में कुंडे से फंदे से लटका हुआ मिला था। लखीमपुर खीरी जिले के कस्बा मैगलगंज निवासी मुख्तार अहमद ने थाना सदर बाजार में दी गई तहरीर में बताया कि उसने अपनी बहन हुमैरा की शादी 2015 में साजिद निवासी हद्दफ थाना सदर बाजार के साथ की थी। उसने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था।

दहेज से ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे। शादी के बाद ससुराल वाले बाइक की मांग को लेकर उसकी बहन को प्रताड़ित करने लगे थे। उसकी बहन के साथ ससुराल वाले आए दिन मारपीट किया करते थे। लोगों से जानकारी मिली कि उसकी बहन को ससुराल वालों ने मारकर लटका दिया है। वह अपनी बहन की ससुराल आया तो उसकी बहन की मौत हो चुकी थी और घर पर कोई नहीं था। प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश कुमार सिंह ने बताया कि पति समेत छह के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# खेत पर कंबाइन से कुचलकर महिला की मौत, हत्या का आरोप

- खेत पर फसल काटने का विरोध करने पर वारदात को अंजाम देने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** रोजा क्षेत्र में महिला की मौत हो गई। परिवार वालों ने गांव के ही एक व्यक्ति पर जबरन गेहूं की फसल काटने का विरोध करने पर कंबाइन से कुचलकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस मौके पर पहुंची और परिवार वालों से जानकारी की।



पोस्टमार्टम हाउस पर मृतका के परिजन।

रोजा थाना क्षेत्र के गांव सरही निवासी उत्तम ने बताया कि गांव के इकलाख से 10 हजार रुपये उधार लिए थे। कुछ दिन बाद उसके रुपये वापस कर दिए थे, लेकिन इकलाख आए दिन रुपये की मांग करता था। आरोप है कि आरोपी परिवार वालों के साथ खेत पर कंबाइन लेकर गेहूं की फसल कटवाने के लिए पहुंच गया। उसकी मां 60 वर्षीय मनोरमा देवी को रविवार की दोपहर जानकारी हुई तो वह खेत पर पहुंच गई। उसकी मां ने फसल काटने का विरोध किया तो उसकी मां की पहले पिटाई कर दी। फिर कंबाइन से कुचलकर हत्या कर दी। इसके बाद आरोपित भाग गए। आरोप है कि आरोपी इकलाख ने पहले भी मनोरमा के गेहूं कटवाने का प्रयास किया था। इधर, पुलिस का कहना है कि सरही गांव के खेत में कंबाइन मशीन चल रही थी। इसी दौरान तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गयी। गांव की मनोरमा आंधी और बारिश से बचने के लिए कंबाइन की आड़ में नीचे बैठ गयी थी। अचानक मशीन का प्रेशर डाउन हो गया और कंबाइन की चपेट में आकर दबकर मौत हो गयी। सीओ सदर प्रयांक जैन ने बताया कि जो आरोप लगाए जा रहे है, उनकी जांच कराई जा रही है। मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# अमोनिया किल्लत : कोल्ड स्टोर संचालक परेशान

- जिले में 132 कोल्ड स्टोर के साथ आधा दर्जन फूड प्रोडक्शन हैं संचालित
- कोल्ड स्टोरों को सप्लायर नहीं कर पा रहे अमोनिया गैस की आपूर्ति

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** ईरान, इजरायल-अमेरिका के बीच चल रहे युद्ध का प्रभाव औद्योगिक क्षेत्रों में भी पड़ने लगा है। जनता को जहां रसोई गैस के लिए मारामारी करनी पड़ रही है वहीं कोल्ड स्टोर संचालकों को अमोनिया गैस की किल्लत से परेशान होना पड़ रहा है।

एक ओर जहां समय पर गैस की आपूर्ति नहीं हो पा रही है, वहीं दूसरी ओर जो मिल रही है उसके लिए पिछले साल के मुकाबले उन्हें दुगने दाम चुकाने पड़ रहे हैं। ऐसी स्थिति में संचालकों को कोल्ड स्टोर के संचालन में परेशानी आ रही है। भंडारित आलू को संरक्षित करने में अधिक धनराशि खर्च करनी पड़ रही है।

जिले में 132 कोल्ड स्टोर संचालित हैं। कोल्ड स्टोर का संचालन की प्रक्रिया फरवरी माह से शुरू हो जाती है। संचालक मशीनों की मरम्मत करने के समय चैंबर में अमोनिया गैस भर लेते हैं, लेकिन इस बार कोल्ड स्टोर संचालकों को अमोनिया गैस की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है।

कोल्ड स्टोर में अमोनिया गैस की आपूर्ति समय पर नहीं हो पा रही है। कड़ी मशक्कत करने के बाद गैस कंपनी के द्वारा गैस अमोनिया की आपूर्ति की जा रही है।

लेकिन इसके लिए उन्हें दुगनी कीमत चुकानी पड़ रही है। कोल्ड स्टोर संचालकों का कहना है कि पिछले साल तक उन्होंने अमोनिया गैस 60 से 80 रुपए प्रति किलो के हिसाब से खरीदी थी। लेकिन इस बार 120 रुपये से लेकर 150 रुपए प्रति किलो के हिसाब से खरीदनी पड़ रही है। इसकी समय पर आपूर्ति भी नहीं हो पा रही है।

आशीर्वाद कोल्ड स्टोरेज के संचालक सुमित मिश्रा ने बताया कि अमोनिया गैस खरीदने में सबसे अधिक दिक्कत मार्च माह के दौरान आई थी। अमोनिया गैस की आपूर्ति करने वाले एजेंट अमोनिया गैस को तीन सौ रुपये प्रति किलो के हिसाब से दे रहे थे। अमर कोल्ड स्टोरेज के संचालक शरत कुमार जैन ने बताया कि अमोनिया गैस की समय पर आपूर्ति नहीं हो रही है।

गैस पिछले साल से अधिक कीमत पर भी मिल रही है। पिछले साल गैस की कीमत 60 से 70 किलो थी। अब 120 से लेकर 150 रुपये प्रति किलो के हिसाब से खरीदनी पड़ रही है।

### एक सीजन में औसतन 1.50 टन अमोनिया की पड़ती है जरूरत

कोल्ड स्टोर और फ्रूट स्टोरेज संचालकों को फल, आलू व अन्य सब्जियों को सुरक्षित करने के लिए अमोनिया गैस की आवश्यकता रहती है। फ्रोजन फूड कैरियर के संचालक रवि कुमार ने बताया कि एक शीतगृह को पूरे सीजन के लिए औसतन 1.5 से दो टन अमोनिया गैस की आवश्यकता पड़ती है। इसकी आपूर्ति गैस कंपनी के एजेंट के माध्यम से होती है। अमोनिया गैस की सबसे अधिक जरूरत फरवरी माह में सबसे अधिक पड़ती है, लेकिन इस बार कोल्ड स्टोर का संचालन मार्च माह के दौरान हुआ था। इस कारण अधिक परेशानी का सामना पड़ा। अब भी यह परेशानी कम नहीं हुई है।

### राशन की दुकान के लिए रुचि का चयन

**खुटार, अमृत विचार :** कुंभिया माफी और राठ गांव के लोगों के बीच में कोटा चयन को लेकर चल रहे विवाद के मामले में सोमवार को इसका निस्तारण पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में सुलझाया गया। खुली बैठक में गांव कुंभिया की काजल को निराशा का सामना करना पड़ा। जबकि राठ की रुचि ने 52 लोगों का समर्थन मिलने से जीत हासिल की। अधिकारियों ने इसका प्रस्ताव उच्चाधिकारियों को भेज दिया है।

## युवक ने जहरीला पदार्थ खाया, जान गई

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में खाया जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन इलाज के लिए निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव शिवदासपुर निवासी युवक बच्चन यादव ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसकी सूचना मिलते ही परिजनों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में परिजन युवक को इलाज के लिए नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लेकर पहुंचे। सीएससी पर युवक को प्राथमिक उपचार दिया गया लेकिन गंभीर हालत के चलते उसे यहां से रेफर कर दिया गया।

बच्चन यादव की बिगड़ती हालत को देखते हुए परिजनों ने उसे नगर के ही एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां पर उसकी उपचार के दौरान मौत हो गया। परिजन रो रोकर बेहाल है।

# नगर पंचायत चेयरमैन सहित 4 लोगों पर रिपोर्ट

- युवक ने शादी का झांसा देकर महिला को पति से अलग कराया
- बाद में शादी से किया इनकार विरोध पर पीड़िता को पीटा

संवाददाता, बंडा,

**अमृत विचार :** थाना बंडा क्षेत्र के मुरादपुर बंडा निवासी एक महिला ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर बेटी के साथ हुए उत्पीड़न की शिकायत की थी। इसमें पीड़िता की मां ने आरोप लगाया कि उन्होंने बेटी का निकाह पूरनपुर के इमरान से कराया था, लेकिन मुहल्ले के इकरान ने बेटी को शादी का झांसा देकर इमरान से अलग करवा लिया और उसे अपनी पत्नी बनाकर रखने लगा।

पीड़िता ने बताया कि जब बेटी ने इकरान से शादी की मांग की, तो इकरान, उसके पिता सुल्तान, भाई सरफराज और रिश्तेदार चेयरमैन बड़े लल्ला निवासी रामनगर कालोनी बंडा ने इनकार कर दिया।

साथ ही आरोप लगाया कि बेटी के साथ घर में मारपीट की और धक्के देकर निकाल दिया। जिसके बाद बेटी उनके दरवाजे पर ही बैठ गई, तो उन्होंने बेटे इनायत हुसैन को धमकी दी कि बेटी को ले जाओ, वरना जान से मार देंगे। इस पर पीड़िता ने ने 2 अप्रैल को बंडा थाने में शिकायत की थी, लेकिन आरोपी पक्ष की कथित राजनीतिक पहुंच के कारण रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी। उन्होंने एसपी से थाना प्रभारी बंडा को निर्देश देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की थी।

इस पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश के बाद चारों लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।इस मामले में नगर पंचायत चेयरमैन मोहम्मद इसहाक उर्फ बड़े लल्ला ने बताया कि मामला उनकी रिश्तेदारी से जुड़ा होने के चलते उनका नाम जबरन लिखवाया गया है, जबकि इस पूरे मामले से उनका कोई लेना देना नहीं है।

## डिग्री कॉलेज में मनाया वार्षिकोत्सव

**बदायूं, अमृत विचार:** राजकीय महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव व प्रतिभा अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतियोगी विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व निदेशक उच्च शिक्षा प्रयागराज डॉ. सूर्य प्रकाश खरे और पूर्व प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार श्रीवास्तव रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि विद्यार्थियों से स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलने का आवाहन किया। कहा कि सफलता का वास्तविक सूत्र निरंतर प्रयास और आत्मविश्वास में निहित है। डॉ. सुनील कुमार श्रीवास्तव ने को शिक्षा के प्रति जागरूक उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का आवाहन किया। कार्यक्रम के दौरान यूपीपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण कर नायब तहसीलदार पर चयनित पूर्व छात्र अर्जुन सिंह, अभिनव राठौर को आईआईटी जेम्स टॉपर बनने पर सम्मानित किया गया। विपिन, शीलम युवा महोत्सव विजेता नंदिनी शंखधार, प्रांजल सक्सेना, प्रिया शर्मा को सम्मानित किया।





# मिलावटखोरों पर शिकंजा, कोर्ट ने लगाया 12 लाख का जुर्माना

## अपर जिलाधिकारी प्रशासन कोर्ट ने सुनाया फैसला, जारी होगी आरसी

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**


एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र।

**अमृत विचार :** जनपद में मिलावटखोरों के खिलाफ जिला प्रशासन की कार्यवाही जारी है। जिसमें खाद्य पदार्थों में मिलावट के 16 विचाराधीन वादों में अपर जिलाधिकारी मजिस्ट्रेट प्रशासन न्यायालय की ओर से बड़ी कार्यवाही की गई है। मिलावटी खाद्य पदार्थों पर रोकथाम के लिए शासन प्रशासन की मंशानुरूप जिला प्रशासन द्वारा एक्शन लिया गया है। खाद्य विभाग की टीमों द्वारा समय समय पर खाद्य पदार्थों की सैंपलिंग कर रिपोर्ट मजिस्ट्रेट को सौंपती रहती है, जिसके बाद विचाराधीन खाद्य पदार्थों पर यह कार्यवाही की गई है।

दायर मुकदमों में सुनवाई करते हुए अपर जिलाधिकारी प्रशासन कोर्ट द्वारा फरवरी व मार्च माह में 16 मुकदमों में निर्णय सुनाया गया है। 12 लाख 40 हजार की धनराशि विभिन्न स्थानों पर मिलावटी खाद्य पदार्थों पर आरोपित किया गया है। एक माह का अपील का समय दिया गया है, अगर कोई अपील नहीं करेगा तो आरसी जारी करके, वसूली कार्यवाही की जाएगी।

एडीएम प्रशासन ने बताया कि मिलावट करने वालों के खिलाफ आगे भी एक्शन जारी रहेगा। निस्तारित वादों में सदर बाजार, खुदागंज, रामचंद्र मिशन, कोतवाली, जलालाबाद, तिलहर, जेतीपुर, गढ़िया रंगीन, कलान, पुवायां और निगोही थाना क्षेत्रों में खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वाले विक्रेताओं और फर्मों के खिलाफ कार्रवाई की गई। जांच के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता में कमी, नियमों की अनदेखी और मानकों के उल्लंघन के मामले सामने आए। अदालत द्वारा विभिन्न मामलों में 35 हजार रुपये से लेकर 2.30 लाख रुपये तक के जुर्माने लगाए गए।

प्रमुख मामलों में बहादुरगंज क्षेत्र के विक्रेता पर 35 हजार, खुदागंज के किराना स्टोर पर 40 हजार, एमएन एग्रो इंडस्ट्रीज से जुड़े मामले में 1.30 लाख रुपये का अर्थदंड लगाया गया। वहीं डेयरी सप्लाई से जुड़े प्रकरण में 2.30 लाख और दूध उत्पाद मामले में 2 लाख रुपये का जुर्माना किया गया। जेतीपुर क्षेत्र के विक्रेता व मालिक पर 1.05 लाख रुपये का दंड भी लगाया गया। अदालत की उक्त कार्रवाई से संदेश दिया गया है कि खाद्य सुरक्षा मानकों से समझौता करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। कार्यवाही आगे भी जारी रखी जाएगी।

# डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**खुटार, अमृत विचार :** पीलीभीत के थाना सेहरामऊ उत्तरी के गांव खाड़ेपुर निवासी अजीमतुलल्ला (55) के साथ सोमवार को अपने भतीजे हाशिम (35) और नाती अब्दुल हमाद (4) पुत्र शफीक के साथ जनपद लखीमपुर खीरी के थाना मोहम्मदी के गांव दिलावरपुर में रहने वाले अपने भांजे के निकाह में शामिल होने के लिए गए थे।

शाम साढ़े सात वह बाइक से वापस अपने घर जा रहे थे। तभी खुटार-पूरनपुर रोड तिकुनियां चौराहे पर कुसमा गांव की मोड़ के पास पीछे से तेज रफ्तार से आई डीसीएम ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। मार्ग दुर्घटना में बाइक सवार तीन लोग सड़क पर गिर गए और डीसीएम से अजीमतुलल्ला की कुचलकर मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक डीसीएम छोड़कर फरार हो गया। घटनास्थल पर भारी संख्या में भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मामूली रूप से घायल हाशिम और अब्दुल हमाद को 108 सेवा एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया। शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

# कोतवाली परिसर में साफ सफाई रखने के दिए निर्देश


तिलहर कोतवाली का निरीक्षण करतीं पुलिस क्षेत्राधिकारी ज्योति यादव।

**संवाददाता, तिलहर**

**अमृत विचार :** सोमवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी ज्योति यादव ने कोतवाली पहुंचकर निरीक्षण किया। कोतवाली परिसर में साफ सफाई बेहतर रखने के निर्देश प्रभारी को दिए। उन्होंने निर्माणाधीन पुलिस कर्मियों के आवासों पर भी सरसरी निगाह डालकर कार्य में तेजी लाए जाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कोतवाली में जगह-जगह खड़ी मोटरसाइकिलों के बारे में सीओ ने विशेष तौर पर कोतवाल से जानकारी ली। उन्होंने पुलिस कर्मियों को अपने मोटरसाइकिलों में सभी यातायात मानक पूरे रखने के निर्देश भी दिए। कोतवाली के चौकीदारों से भी ज्योति यादव ने लगभग 10 मिनट तक वार्ता की। उनसे पूछा कि उन्हें किसी तरह की कोई दिक्कत अथवा उनका कोई सुझाव हो तो वह कह सकते हैं। चौकीदारों ने मिल रही सुविधाओं पर संतोष जताया। सीओ ने चौकीदारों को अपने-अपने क्षेत्र में सभी छोटी-बड़ी घटनाओं के बारे में कोतवाली पुलिस को सूचित करने का निर्देश भी दिया। कोतवाली के अभिलेखों का निरीक्षण कर उन्होंने पुलिस कर्मियों से शास्त्रों के बारे में जानकारी भी ली। इस दौरान कोतवाली प्रभारी जुगल किशोर पाल, एसआई नितिन कुमार, गौरव कुमार, मोहित तंवर, गौरव शर्मा सहित कोतवाली स्टाफ मौजूद रहा।

# 65 छात्रों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित


रोटी गोदाम परिसर में मेधावी छात्रों को पुरस्कार देते एआरपी सुशील रस्तोगी।

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचार :** परिषदीय विद्यालयों में 1 अप्रैल से नए सत्र की शुभारंभ हो गया। नवीन प्रवेश के साथ कक्षा में परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को परीक्षाफल व पुरस्कार वितरण किया गया। जिससे बच्चों मे काफ़ी उत्साह रहा।

सोमवार को नगर के रोटी गोदाम में एआरपी सुशील रस्तोगी ने कक्षा एक से आठ तक के छात्र-छात्राओं अंश मिश्रा प्रथम, आयत द्वितीय, तथा कृष्णा तृतीय, प्राथमिक स्तर पर वंश वर्मा, सिद्धांत, आयुष, ज्योति, उत्कर्ष आदि को पुरस्कार वितरण किया। प्रधानाध्याक इमरान सईद ने बताया कि प्राथमिक व उच्च प्राथमिक कक्षाओं में 336 बच्चों ने परीक्षा दी। जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय 65 छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सुशील रस्तोगी ने कहा कोई भी बच्चा निराश न हो बल्कि पुरस्कार पाने के लिए पूरे उत्साह के साथ पढ़ाई में लग जाए तो सफलता निश्चित मिलेगी। इस मौके पर नर्गिस, खुशबू सबूर, कहकशां शाही, रविंद्र सिंह आदि शामिल रहे।

# दूसरी किस्त मिलने से क्रिटिकल केयर यूनिट का काम शुरू

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** राजकीय मेडिकल कालेज में बन रहे क्रिटिकल केयर यूनिट के लिए दूसरी किश्त जारी हो गयी। इससे रुका हुआ निर्माण कार्य शुरु हो गया है। इसका संचालन शुरु होने से गंभीर रोगों की जांच और इलाज की सुविधा मिलेगी।

राजकीय मेडिकल कॉलेज में क्रिटिकल केयर यूनिट का काम करीब एक साल पहले से चल रहा है। करीब 80 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। बचा हुआ काम पूरा होते ही संचालन शुरु होते ही गंभीर मरीजों को बेहतर सुविधा मिलेगी। प्रस्तावित क्रिटिकल केयर यूनिट में 50 बेड की सुविधा उपलब्ध होगी। इसमें बेड आईसीयू सुविधा से लैस होंगे। यहां आपरेशन थियेटर की सुविधा भी रहेगी। सेंट्रल पाइप लाइन से मरीजों को ऑक्सीजन की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। मेडिकल कालेज के प्राचार्य डॉ राजेश कुमार ने बताया कि दूसरी किश्त जारी होने से रुका हुआ काम शुरु हो गया है।

# न्याय न मिलने पर आंदोलन की दी चेतावनी

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**


गढ़िया रंगीन थाने में प्रभारी निरीक्षक से मुलाकात करते सपा नेता नीरज मिश्रा व अन्य।

- पीड़ित परिवार से मुलाकात कर सपा प्रतिनिधि मंडल ने दिया न्याय दिलाने का आश्वासन

**अमृत विचार :** गढ़िया रंगीन क्षेत्र में बुजुर्ग पंडित अवधेश के साथ मारपीट के मामले को लेकर समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व जिला पंचायत सदस्य नीरज मिश्रा के नेतृत्व में सपा नेताओं का प्रतिनिधिमंडल गांव पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित बुजुर्ग से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और परिवार को ढांढस बंधाते हुए न्याय दिलाने का भरोसा दिया।

विगत दिनों गांव में गेहूं की फसल कटवाते समय कुछ दबंगों ने बुजुर्ग को जान से मारने की नीयत से पीटा और मरा समझकर खेत में छोड़ दिया, जिससे उनका शरीर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के पीछे गांव की प्रधानी से जुड़ा विवाद भी बताया गया है। प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि संबंधित लोगों को संरक्षण प्राप्त है और शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं हो रही है। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिवार की मोबाइल से पूर्व विधायक राजेश यादव व सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खां से बात कराई। तय हुआ कि 7 अप्रैल को सभी नेता पुलिस अधीक्षक से मिलकर मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग करेंगे। प्रतिनिधिमंडल थाना गढ़िया रंगीन भी पहुंचा और थाना प्रभारी से मिलकर चेतावनी दी कि यदि जल्द ही आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन किया जाएगा। नीरज मिश्रा ने कहा कि पीड़ित परिवार को हर हाल में न्याय दिलाया जाएगा। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल में गोपाल अंगोत्री, जीवेंद्र वाजपेई, श्याम शुक्ला, अनुज शुक्ला, वीरेंद्र, आशुतोष तिवारी, ओम नारायण पंडित, दिनेश शर्मा, कल्याण, विमलेश मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## घर के बाहर से स्कूटी चोरी, एफआईआर दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सदर बाजार थाना के मोहल्ला चमकनी करबला निवासी विवेक कुमार ने थाना पर रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 03 अप्रैल को अपनी स्कूटी परिचित मोहन लाल मिश्रा निवासी गांधी कालोनी के दरवाजे पर खड़ी करके काम से चला गया था। 04 अप्रैल की शाम पांच बजे लौटकर आया तो स्कूटी गायब मिली। उन्होंने स्कूटी को तलाश किया और पता नहीं चला। पुलिस ने स्कूटी चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस चोरी गई स्कूटी की तलाश कर रही है।












# भाजपा का स्थापना दिवस मनाया

**कलान, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी का 47 वां स्थापना दिवस कलान के चेयरमैन हरनारायण गुप्ता के आवास पर मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा के संस्थापक पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई एवं उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी एवं डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी आदि दिवंगत राजनेताओं के चित्रों पर फूल माला पहनाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। स्थापना दिवस पर चेयरमैन हरनारायण गुप्ता ने कहा कि 1980 में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई थी। जिसे अब 46 वर्ष पूरे हो गए हैं और 47 वां स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब वह भाजपा नहीं रह गई है, जिसका डंका विश्व में न बजता हो। विदेशी भी भारत के मुरीद बनकर रह गए हैं। स्थापना दिवस के अवसर पर नामित सभासद राघवेंद्र मिश्रा उर्फ टामी, रामकुमार गुप्ता उर्फ मीठे, अमन गुप्ता, अरविंद गुप्ता उर्फ बसंती, बृजेश सक्सेना, धर्मेंद्र शर्मा, बबलू गुप्ता, भाजपा महिला मोर्चा की किरण शर्मा, सविता सिंह, लक्ष्मी गुप्ता, अल्पसंख्यक मोर्चा के मुनव्वर अली, मुकेश गुप्ता और बसंती आदि मौजूद रहे।



दिवंगत राजनेताओं के चित्रों पर श्रद्धासुमन अर्पित करते पार्टी कार्यकर्ता।

# ट्रेन से गोवंश कटा खड़ी रही ट्रेन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** मोक्षधाम रेलवे फाटक के निकट बरेली से लखनऊ रन थ्रू जा रही स्पेशल ट्रेन से गोवंश की टकराकर मौत हो गयी। इस दौरान काठगोदाम एक्सप्रेस 10 मिनट खड़ी रही। सोमवार की शाम पांच बजे बरेली से लखनऊ रन थ्रू स्पेशल ट्रेन जा रही थी। मोक्षधाम रेलवे फाटक के निकट ट्रेन से अचानक गोवंश टकरा गया और मौत हो गयी। लोको पायलट ने कंट्रोल और स्टेशन मास्टर को सूचना दी। स्पेशल ट्रेन सीधे निकल गयी। काठगोदाम से लखनऊ जा रही एक्सप्रेस ट्रेन को रोक दिया गया। रेल कर्मचारी मौके पर पहुंचे और मृत गोवंश को रेल पटरी से किनारे किया। इस दौरान काठगोदाम एक्सप्रेस को दस मिनट बाद लखनऊ के लिए रवाना किया।

# मोहल्ला ख्वाजा फिरोज में किया निरीक्षण

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**


सफाई व्यवस्था, पेयजल और मार्ग का निरीक्षण करतीं महापौर। ● अमृत विचार

- महापौर ने सफाई व्यवस्था पेयजल और मार्ग की देखी स्थिति, कई स्थानों पर नालियां मिली चोक

**अमृत विचार :** नगर निगम के महापौर अर्चना वर्मा ने सोमवार को वार्ड सं०-24, मोहल्ला ख्वाजा फिरोज में सफाई व्यवस्था, पेयजल, मार्ग आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वार्ड के कई स्थानों पर नालियों चोक पाई गईं। सड़क पर पानी बहने आम जनता को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है।

महापौर ने देखा कि वार्ड में कई स्थानों पर मार्ग पर ही कूड़ा डाला जा रहा है. जिससे गंदगी व्याप्त है तथा आवागमन बाधित हो रहा है। साथ ही मार्गों पर पर्याप्त सफाई व्यवस्था नहीं पाई गई। कई स्थानों पर पाइपलाइन लीकेज के कारण पानी व्यर्थ बह रहा है तथा 06 इंडिया मार्का हैंडपंप बंद पड़े हैं। जनहित में गर्मी का मौसम होने के कारण इण्डिया मार्का नलों का रिबोर अति शीघ्र कराने के निर्देश दिए। वार्ड में पक्के पुल के पास स्थित शौचालय बंद पड़ा है तथा उसके पास खाली भूमि पर डंपिंग ग्राउंड बना दिया गया है. जिससे आसपास गंदगी फैली हुई है।

महापौर ने निरीक्षण में पाया कि वार्ड में कई स्थानों पर नाला एवं नालियों पर अतिक्रमण किया गया है। जिससे जल निकासी बाधित हो रही है। विशेष रूप से ग्रीन वैली स्कूल, हनुमत धाम मार्ग पर बड़े नाले पर स्लैब डालकर कब्जा किया गया है। उन्होंने कहा कि यहां अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए।

नगर निगम द्वारा निर्मित गौशाला तक जाने के लिए कच्चा मार्ग है, जिस पर खंडजा निर्माण कराया जाना आवश्यक है। साथ ही, गौशाला में पशुओं के लिए पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं है। वर्तमान गर्मी के मौसम को देखते हुए तत्काल पानी की व्यवस्था कराना अत्यंत आवश्यक है। गौशाला में छायादार वृक्ष नहीं है जिससे गाय खड़ी धूप में खड़ी रहती है। पीपल, पाकड़ आदि की छायादार वृक्ष लगाया जाना आवश्यक है।

निरीक्षण में उन्होंने वार्ड में स्ट्रीट लाइट दिन के समय भी जलती पाई गई। हनुमत धाम पुल से ख्वाजा फिरोज मार्ग पर नगर निगम द्वारा निर्मित एक यूरिनल में गंदगी व्याप्त होने की शिकायत क्षेत्र के लोगों ने महापौर से की। वार्ड में बड़े नालो की बाउंड्री न होने के कारण प्रायः लोग गिर जाते है। महापौर ने ऐसी स्थिति में नाले की बाउंड्री अथवा जगह जगह पोल लगवाने के निर्देश दिए।।

# चंद आंसू कुछ गजलें जिंदगी भर की ये कमाई

## आमचन फाउंडेशन की ओर से बदायूं क्लब में आयोजित किया गया कवि सम्मेलन



आचमन फाउंडेशन की ओर से आयोजित कवि सम्मेलन में प्रतिभाग करते कवि।



कवि सम्मेलन में काव्य पाठ का आनंद लेते लोग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- फर्रुखाबाद से आए वरिष्ठ कवि डॉ. शिव ओम अंबर को मिला आचमन सम्मान

**अमृत विचार :** आचमन फाउंडेशन की ओर से बदायूं क्लब में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। देर रात तक लोगों ने देश के प्रख्यात कवियों की कविताओं का आनंद लिया। फर्रुखाबाद से आए विख्यात वरिष्ठ कवि डॉ. शिव ओम अंबर को आचमन सम्मान दिया गया। जनवरी महीने में हुई डॉ. उर्मिलेश गायेंगे गायेंगे हम वंदे मातरम प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर साहित्यकारों की पुस्तक प्रदर्शनी लगी। डॉ. शिव ओम अंबर ने पढ़ा कि चंद आंसू चंद आहें और कुछ गजलें, ये हमारी जिंदगी भर की कमाई है, लेखनी होगी तुम्हारी दृष्टि में मित्रों हाथ में गंगाजली हमने उठाई है।

उदयपुर की रश्मि शर्मा ने कहा कि भावना की इस नदी को मैं क्षणिक विश्राम लिख दूं, उर्मियां व्याकुल हृदय की लो तुम्हारे नाम लिख दूं। कहा कि दर्द को दान में नहीं लेती अश्रु भी ध्यान में नहीं लेती, नींद आती है बार-बार मगर आंख संज्ञान में नहीं लेती। मोहित शौर्य ने सुनाया कि जिंदगी जीने के जुनून तक जाएगा मेहनत के पसीने और खून तक जाएगा, पैसों की तलाश है तो हाईवे पकड़ लो यह गांव का रास्ता है सुकून तक जाएगा। बदायूं के कुमार आशीष ने सुनाया कि बोझ दिल पर कहां तक लिए घूमते, दर्द लिखते रहे गीत गाते रहे, जख्म दुनिया ने हमको दिये उम्र भर और हम उम्र -भर मुस्कुराते रहे। जोधपुर से आईं आयुषि राखेचा ने पढ़ा कि बदन के खोल में सदियों से बंद मैं ही हूं बजाए इसके भी इतनी बुलंद मैं ही हूं, मुझे पसंद है सारे ही खुश मिजाज मगर उदास लोगों की पहली पसंद मैं ही हूं। लखनऊ की डॉ. मालविका हरिओम ने सुनाया कि तमाम उम्र मंज़िलों की फ़िक्र में गुज़री, वहां पहुंच के लगा रास्ते ही बेहतर थे। बिहार के सर्वेश तिवारी ने कहा कि जब समाज में मर्यादा के वस्त्र उतारे जाएंगे, द्रोण भीष्म जैसे बुजुर्ग भी छल से मारे जाएंगे। अपने युग की पीड़ा पर जो लोग मौन साधते हैं, वह भविष्य की चर्चाओं में बस दुत्कारे जाएंगे। देवबंद से आए डॉ. नदीम शाद ने कहा कि जरा सा सब्र था जो कर गए हम उसे लगने लगा था मर गए हम, ये नाकद्री हमारी इसलिए है तेरा होने में जल्दी कर गए हम। आचमन की संस्थापक डॉ. सोनरूपा विशाल ने पढ़ा कि मन करता है ऐसा हो तू बिल्कुल् मुझ जैसा हो, मिलने का वादा तो कर सच्चा झूठा जैसा हो। स्वयं श्रीवास्तव ने सुनाया कि मुश्किल थी संभलना ही पड़ा घर के वास्ते और घर से निकलना ही पड़ा घर के वास्ते। मजबूरियों का नाम हमने शौक रख दिया और शौक बदलना ही पड़ा घर के वास्ते। गाजियाबाद के मोहित शौर्य, अयोध्या के रामायण धर द्विवेदी ने काव्य पाठ किया। इससे पहले कवि सम्मेलन का आरंभ भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता, आरएसएस के विभाग प्रचारक विशाल, डॉ. शिव ओम अंबर, सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह, एसपी देहात डॉ. हृदेश कठेरिया ने दीप प्रज्वलित करके किया। फाउंडेशन की संस्थापक और प्रसिद्ध व्यवसायी विशाल रस्तोगी ने कवियों को सम्मानित किया।

### कवि सम्मेलन में यह रहे उपस्थित

कवि सम्मेलन में दीपमाला गोयल, सरला स्वरुप, डॉ. राम बहादुर व्यथित, अशोक खुराना, शरद शंखधार, मंजुल शंखधार, डॉ. उपदेश शंखधार, सुभाष अग्रवाल, अनूप रस्तोगी, नितिन गुप्ता, प्रशांत गुप्ता, सौरभ शंखधार, ज्ञानानंद पांडे, डॉ. सीके जैन, डॉ. तन्मय रस्तोगी डॉ. भास्कर शर्मा, प्रदीप शर्मा, शोभित वैश्य, रविंद्र मोहन सक्सेना, राहुल चौबे, शलभ वैश्य, दिवम विशाल, नितिन अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# गैरहाजिर मिले तीनों एमओआईसी का काटा एक दिन का वेतन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- प्रभारी सीएमओ ने की कार्रवाई मची खलबली
- सीएमओ ने किया था तीन सीएचसी का निरीक्षण

**अमृत विचार :** प्रभारी सीएमओ ने औचक निरीक्षण में गैरहाजिर मिले तीनों प्रभारी चिकित्साधिकारियों (एमओआईसी) का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए हैं। सीएमओ की कार्रवाई के बाद स्वास्थ्य विभाग में खलबली मची हुई है। सीएमओ ने चेतावनी दी है कि लापरवाही पर बख्शा नहीं जाएगा।

प्रभारी सीएमओ डा.मोहन झा शनिवार को बिसौली क्षेत्र में सीएचसी और पीएचसी का जायजा लेने पहुंचे। प्रभारी सीएमओ ने पहले वजीरगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का सुबह आठ बजे निरीक्षण किया। उनके निरीक्षण में चिकित्सा अधिकारी गैरहाजिर मिले। साथ ही, अन्य स्टाफ भी नहीं पहुंचा था। निरीक्षण के समय कुछ मरीज बैठे मिले। इस पर सीएमओ ने स्वास्थ्य विभाग के लापरवाह चिकित्सकों व कर्मचारियों के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्रवाई करने की बात कही थी। इसके बाद सीएमओ सैदपुर सीएचसी पहुंचे वहां पर भी सुबह साढ़े आठ बजे तक एमओआईसी मौजूद नहीं मिले। सैदपुर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर गंदगी मिली। इसके बाद सीएमओ बिसौली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। यहां पर सुबह नौ बजे तक डाक्टर गैरहाजिर मिले जिससे सीएमओ का पारा चढ़ गया। मरीजों की लाइन लगी मिली। कर्मचारी भी लेट- लतीफ पहुंचे। इस पर सीएमओ ने गंदगी फैली मिलने फटकार लगाई।सोमवार को प्रभारी सीएमओ ने बताया कि उनके निरीक्षण के समय गैरहाजिर मिले चिकित्सा अधीक्षकों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए हैं। बताया कि वजीरगंज के एमओआईसी डा. राजकुमार सैदपुर के एमओआईसी डा. जिंद मेहंदी तथा बिसौली के चिकित्सा प्रभारी डा. अरविंद वर्मा सहित तीनों चिकित्सा अधीक्षकों को एक-एक दिन का वेतन काटा गया है जबकि कर्मचारियों को जवाब देने को कहा गया है।

### झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ अभियान शुरू

प्रभारी सीएमओ के आदेश के बाद झोलाछापों के खिलाफ अभियान भी शुरू कर दिया गया है। इनके खिलाफ की गई कार्रवाई से हर दिन सीएमओ को रिपोर्ट देनी होगी। सभी पन्द्रह ब्लॉक क्षेत्रों में बैठे झोलाछाप डॉक्टरों को चिन्हित करने की जिम्मेदारी सीएचसी प्रभारी को दी गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### आज मकरंदपुर घटपुरी स्टेशनों के मध्य बंद रहेगा आवागमन

**बदायूं, अमृत विचार :** मकरंदपुर घटपुरी स्टेशनों के बीच 7 अप्रैल को आवागमन बंद रहेगा। इज्जतनगर मंडल पर मकरन्दपुर-घटपुरी स्टेशनों के बीच समपार (भमोरा-आंवला मार्ग) के मध्य बीसीएम मशीन से डी स्क्रीनिंग कार्य किया जाएगा। इसके लिए 7 अप्रैल को शाम10 बजे से अगले दिन 8 अप्रैल को प्रात 6 बजे तक और 8 अप्रैल रात 10 बजे से अगले दिन 9 अप्रैल को प्रात: 6 बजे तक यातायात बंद रहेगा। इस समपार का वैकल्पिक मार्ग अलीगंज मार्ग से सीमित ऊंचाई वाले पुल से होगा। यह जानकारी वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा ने दी।

### बगैर हेलमेट वाले 52 बाइक सवारों का चालान

**बदायूं,अमृत विचार :** सड़क सुरक्षा नियमों को लेकर एआरटीओ की ओर से वाहनों की चेकिंग की जा रही है। साथ ही, स्कूली वाहनों का परीक्षण किया जा रहा है। चेकिंग के दौरान एआरटीओ ने 52 बाइक सवारों के चालान काटे। एक वाहन को सीज कर दिया। साथ ही 152 स्कूली वाहनों का परीक्षण किया है। चैकिंग अभियान के दौरान एआरटीओ हरिओम के द्वारा बाइक वाहनों की चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान एआरटीओ ने एक ओवरलोड वाहन को सीज कर दिया। साथ ही बिना हेलमेट वाले बाइक सवारों के चालान काटे। वहीं 152 स्कूली वाहनों का परीक्षण किया गया।

### कार की टक्कर से आठ साल की बच्ची की मौत

**म्याऊं, अमृत विचार :** मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग पर कार की टक्कर से आठ साल की बच्ची की मौत हो गई। हादसा सोमवार दोपहर लगभग तीन बजे हुआ। उसावां की ओर से आ रही कार ने थाना अलापुर क्षेत्र के गांव बिचपुरी व सत्यदेव विद्यालय के पास सड़क पार कर रही गांव सिसौरा निवासी अंबिका पुत्री विनय प्रताप को टक्कर मार दी। हादसे में बच्ची की मौके पर मौत हो गई। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी माधव सिंह बिष्ट मौके पर पहुंचे। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत के बाद परिजनों में चीत्कार मचा है। वहीं चालक टक्कर मारने के बाद फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि फरार हुए चालक की तलाश की जा रही है। आरोपी के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

### बीमारी से उसहैत के होमगार्ड का निधन

**उसहैत, अमृत विचार :** नगर पंचायत उसहैत के पूर्व सभासद व थाना उसहैत में तैनात वार्ड एक निवासी होमगार्ड नंदराम राना काफी समय से बीमार चल रहे थे। रविवार को देर रात दिल्ली के अस्पताल में उनकी मौत हो गई। मंगलवार को गंगा के भुंडी घाट पर अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### आबकारी अधिनियम के माल का किया निस्तारण

**बदायूं, अमृत विचार :** थाना जरीफनगर पुलिस ने माल निस्तारण अभियान के अंतर्गत आबकारी अधिनियम से संबंधित 28 मामलों के माल का निस्तारण किया। सीओ सहसवान, नायब तहसीलदार, थानाध्यक्ष व मालखाना इंचार्ज की उपस्थिति में पिछले साल के आबकारी अधिनियम से संबंधित शराब की 65 अंग्रेजी बोतलें, 136 बीयर की केन, देशी शराब के 150 पौवे, 40 लीटर कच्ची शराब आदि का निस्तारण किया।

### दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**बदायूं, अमृत विचार :** दातागंज पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म करने के वांछित को गिरफ्तार किया है। दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से गांव भीकमपुर निवासी अंकित उर्फ डिंपल पुत्र पप्पू उर्फ शिवनंदन फरार चल रहा था। उपनिरीक्षक सन्नी चौधरी ने आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेजा।

# अभियान चलाकर की गई सफाई



रोडवेज के निकट सफाई करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** नगर पालिका प्रशासन ने सोमवार को सफाई अभियान चलाकर रोडवेज सहित पूरे क्षेत्र को साफ-सुथरा बना दिया। पिछले कई दिनो से शहर में जगह-जगह गंदगी व्याप्त थी। गंदगी को लेकर शहर के लोगों में खासी नाराजगी देखी गई। इस गंदगी को लेकर ''अमृत विचार'' में प्रमुखता से खबर प्रकाशित की गई थी। खबर प्रकाशित होते ही नगर पालिका प्रशासन हरकत में आ गया। सोमवार को सुबह से ही सफाई नायक राजकुमार ने रोडवेज सहित आस-पास के पूरे क्षेत्र को अभियान चलाकर साफ सुथरा कर दिया। कहीं भी गदंगी नहीं दिखी।

# बिल्सी में 10 को मनाई जाएगी चंद्रगुप्त मौर्य की जयंती

**बिल्सी,अमृत विचार :** नगर में चक्रवर्ती सम्राट चन्द्रगुप्त मौर्य की जयंती के अवसर पर 10 अप्रैल को जेएस रायल पैलेस में भव्य समारोह आयोजित किया जाएगा जिसमें क्षेत्र के नागरिक, समाजसेवी और बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे। आयोजन शाक्य मौर्य सैनी-कुशवाहा समाज बिल्सी के तत्वावधान में किया जा रहा है। समारोह में चन्द्रगुप्त मौर्य के जीवन, उनके पराक्रम और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला जाएगा। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम और विचार गोष्ठी का आयोजन भी किया जाएगा। समाजसेवी डॉ. मुकेश चंद्र मौर्य ने बताया कि यह कार्यक्रम समाज को एकजुट करने और युवाओं को इतिहास से प्रेरणा देने का एक अच्छा अवसर है।

# व्यवहार में लाएं सकारात्मक परिवर्तन : डॉ. आशीष

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- बीएड प्रशिक्षुओं का स्काउट-गाइड इंट्रोडक्टरी कोर्स शुरू
- प्रशिक्षुओं ने समझी सामाजिक जिम्मेदारी व प्रबंधन



पांच दिवसीय इंट्रोडक्टरी कोर्स कार्यक्रम को संबोधित करते डॉ विक्रांत उपाध्याय।

**अमृत विचार :** भारत स्काउट-गाइड की ओर से नेहरू मेमोरियल शिवनारायण दास पीजी कॉलेज में बीएड प्रशिक्षुओं के पांच दिवसीय इंट्रोडक्टरी कोर्स का सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ आरंभ हुआ। प्रशिक्षुओं में अनुशासन, सेवा भावना और नेतृत्व क्षमता के साथ जीवन जीने की कलाओं का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षुओं ने टीमवर्क, समय प्रबंधन और सामाजिक जिम्मेदारियों को समझा।

मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. आशीष कुमार सक्सेना ने कहा कि व्यक्ति के चिंतन, चरित्र और व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाना अत्यंत आवश्यक है। स्काउट-गाइड इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर नेहा कटियार ने कहा कि स्काउटिंग युवाओं को देश का श्रेष्ठ नागरिक बना रही है। अध्यक्षता कर रहे जिला आयुक्त (रोवर) प्रो. मनवीर सिंह ने कहा कि स्काउटिंग का प्रशिक्षण से युवाओं में नेतृत्व क्षमता और कठिन परिस्थितियों में निर्णय लेने की शक्ति विकसित होती है। प्रो. शिवराज कुमार ने कहा कि युद्धों के कारण धरती का अस्तित्व संकट में पड़ता जा रहा है। मनुष्य के साथ-साथ वन्यजीव और जीवनदायिनी वनस्पतियां भी नष्ट हो रही हैं। चीफ प्रॉक्टर डा.एसके सिंह ने कहा कि शुद्ध हवा और पानी के लिए भी संघर्ष करना पड़ रहा है। जिला संगठन आयुक्त मुहम्मद असरार ने कहा कि बम और मिसाइलों के रूप में विकसित ज्ञान अब मानवता के लिए खतरा बन गया है, ऐसे में स्काउटिंग जैसे आंदोलन शांति, सेवा और सह अस्तित्व का संदेश देते हैं। पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने जीवन कौशल की ट्रेनिंग दी। डॉ. विक्रांत उपाध्याय, प्रो. बीएन शुक्ल, डॉ. नन्द गोपाल, डॉ. जीवन कुमार सारस्वत, सुषमा रानी आदि मौजूद रहे।

# बांसुरी बजाएगी प्रतिभा की धुन, बच्चे सीखेंगे कला के रंग

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- परिषदीय स्कूलों के बच्चों को कला और संगीत विषय के लिए दी जा रही अलग पुस्तक
- कक्षा तीन और चार के विद्यार्थियों की रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए लागू की पुस्तक
- कक्षा तीन की किताब में 20 पाठ समाहित, हर पृष्ठ पर क्यूआर कोड

**अमृत विचार:** परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा तीन और चार के बच्चों में रचनात्मकता को बढ़ावा दिया जाएगा। नए शैक्षिक सत्र में बांसुरी कला पुस्तक को लागू किया गया है। बच्चों को कला और संगीत विषय के लिए अलग पुस्तक दी जाएगी। इस पुस्तक के माध्यम से वह चित्रकला, संगीत, नृत्य और रंगमंच की गतिविधियां सीखेंगे। इन कक्षाओं के बच्चे अब तक बिना कला की पुस्तक के पढ़ाई करते थे। अब नई पुस्तक के माध्यम से बच्चे कक्षा का विषय की शिक्षा भी प्राप्त करेंगे।

जिले में 2158 परिषदीय स्कूल संचालित हैं। इन स्कूलों में नया शैक्षिक सत्र एक अप्रैल से शुरू हो चुका है। नए शैक्षिक सत्र के दौरान स्कूलों में नव प्रवेशित और पूर्व से नामांकित बच्चों में नई पुस्तकों का वितरण किया जा रहा है। इस बार कक्षा तीन और चार के बच्चों को बांसुरी शीर्षक कला की किताब भी दी जा रही है। बांसुरी पुस्तक में 20 पाठ दिए गए है। सभी पाठ के अंतिम पेज पर एनसीईआरटी का लोगों भी प्रिंट किया गया है जिसे स्कैन कर पाठ से जुड़ी वीडियो या चित्र स्मार्ट फोन के माध्यम से देखे जा सकते हैं। बांसुरी कला पुस्तक के माध्यम से बच्चे संगीत, नृत्य और रंगमंच संबंधी गतिविधियां सीखेंगे। कक्षा में शिक्षण के दौरान बच्चों से चित्र बनवाया जाएगा। साथ ही, कागज काटने-चिपकाने, मिट्टी से आकृतियां तैयार करने, मुखौटे सहित छोटे-छोटे मॉडल बनाने जैसी गतिविधियां कराई जाएंगी। बच्चों के जरिये बनाई जाने वाली कलाकृतियों का प्रदर्शन भी किया जाएगा जिससे बच्चों को प्रोत्साहित किया जा सके।

### रंगमंच के माध्यम से बच्चे देंगे प्रस्तुति

सामुदायिक सहभागिता डीसी पीसी श्रीवास्तव ने बताया कि बांसुरी पुस्तक के माध्यम से बच्चों को विभिन्न भाषाओं के गीत, ताल-लय, ताली और धुनों की समझ आएगी। नृत्य और रंगमंच के माध्यम से अभिनय, मंच पर प्रस्तुति और समूह में काम करने का अभ्यास कराया जाएगा। इन प्रक्रियाओं के माध्यम से बच्चों में आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति कौशल और सामूहिक कार्य करने की क्षमता विकसित होगी।

### कला के लिए सौ घंटों का सत्र किया गया है निर्धारित

सामुदायिक सहभागिता डीसी पीसी श्रीवास्तव ने बताया कि नई पुस्तक के शिक्षण के लिए समय निर्धारित किया गया है। कक्षा में कला शिक्षण के लिए कुल 100 घंटे का सत्र निर्धारित किया गया है। इसमें दृश्य कला, संगीत, नृत्य और रंगमंच के लिए 20-20 घंटे तथा 20 घंटे अनुभवात्मक गतिविधियों के लिए तय किए गए हैं।

> एनसीईआरटी के द्वारा कक्षा तीन व चार के लिए बांसुरी नाम से कला की पुस्तक उपलब्ध कराई गई है। इन कक्षाओं में यह पुस्तक पहली बार लागू की गई है। इस पुस्तक के माध्यम से बच्चों को गतिविधि आधारित शिक्षा से जोड़ने का लगातार प्रयास किया गया है।
> **-वीरेंद्र कुमार सिंह**, बीएसए

## सिटी डायरी



### जनगणना 2027 को लेकर हो रही तैयारियों की डीएम ने की समीक्षा

**बदायूं,अमृत विचार :** जिलाधिकारी अवनीश कुमार राय ने जनगणना 2027 को लेकर की जाने वाली तैयारियों के संबंध में समीक्षा की। जनगणना कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना के संबंध में जन जागरूकता अभियान चलाकर आमजन को इसके महत्व के बारे में अवगत कराया जाय, जिससे लोगों को सही व पूर्ण जानकारी मिल सके। अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने व निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



### जिले के बेड़े में शामिल हुईं डायल 112 की 10 नई गाड़ियां

**बदायूं, अमृत विचार :** जिले की कानून-व्यवस्था और दुरुस्त होगी। व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से जिले के डायल 112 के बेड़े में 10 नई गाड़ियां शामिल की गई हैं। सोमवार को एसएसपी अंकिता शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर वाहनों को रवाना किया। एसएसपी ने कहा कि नई गाड़ियों के शामिल होने से आपातकालीन स्थिति में पुलिस की प्रतिक्रिया और तेजी होगी। आम जनता को त्वरित सहायता मिल सकेगी। उन्होंने सभी चालकों को सूचना मिलने पर तुरंत मौके पर पहुंचने को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि वाहनों का प्रयोग पूरी निष्ठा और सावधानी के साथ करें। एसपी सिटी विजयेंद्र द्विवेदी, एसपी देहात डॉ. हृदेश कठेरिया आदि मौजूद रहे।



### उच्च प्राथमिक विद्यालय परसिया में हुआ विदाई समारोह

**संवाददाता, बिसौली अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम परसिया में उच्च प्राथमिक विद्यालय के कक्षा 1 से लेकर 7 तक के विद्यार्थियों ने कक्षा 8 पास छात्रों को इंचार्ज प्रधानाचार्य अजीत सिंह की अगुवाई में विदाई दी। इस आयोजन के दौरान कक्षा 8 के छात्र-छात्राओं को उपहार स्वरूप गिफ्ट व शुभकामनाएं दीं। सभी के उज्ज्वल भविष्य कामना की । कार्यक्रम में सूक्ष्म जलपान भी कराया गया। इस मौके पर छात्र छात्राओं सहित सुशांत सक्सेना, विनय कुमार सिंह, अवनीश कुमार, अंजली गुप्ता, विनीता रानी, प्रियंका शर्मा आदि मौजूद रहे ।

### पशुशाला में बंधी भैंस हुई चोरी

**कुंवरगांव,अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव में पशुशाला में बंधी भैंस को अज्ञात चोर खोलकर ले गए जिसकी शिकायत पीड़ित ने थाने में दर्ज कराई है। थाना क्षेत्र के गांव पड़ौलिया निवासी वसीम पुत्र रिजवान उर्फ राजू की भैंस घर के बाहर गेट पर बंधी थी। जिसे देर रात अज्ञात चोर खोल ले गए। पीड़ित ने इसकी सूचना डायल 112 पुलिस को दी। मौके पुलिस ने ग्रामीणों के साथ भैंस को जंगल में काफी ढूंढा, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। अगले दिन पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है।



### गर्मी में गौशालाओं में साफ पानी मुहैया कराने के निर्देश

**बदायूं, अमृत विचार :** गर्मी में गौशालाओं में गोवंश को ताजा पानी मुहैया कराने के निर्देश शासन स्तर से दिए गए हैं। इसके बाद गौशालाओं में साफ पानी देने का प्रयास किया जा रहा है जबकि कुछ गौशाला में गोवंश को चारा पानी की व्यवस्था नहीं है। शासन स्तर से पशुपालन विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि गौशालाओं में गर्मी के दिनों में गोवंश को किसी तरह की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। हरा चारा और साफ स्वच्छ पानी में नमक मिलाकर गोवंश को दिया जाए। इन आदेशों के बाद भी ब्लॉक जगत की गौशालाओं में कोई सुधार नहीं किया गया है। ग्राम पड़ौआ में गौशाला है। यहां पर करीब दो दर्जन से अधिक गोवंश हैं फिर भी यहां गोवंश को न तो समय पर पानी दिया जा रहा है और न ही हरे चारे की व्यवस्था है। गोवंश भूख से बीमार होने लगे हैं। लेकिन ब्लॉक सलारपुर के ग्राम रफियाबाद की गौशाला में गोवंश को साफ स्वच्छ पानी मुहैया कराया जा रहा है। यहां पर पशु चिकित्सक के जरिये हरे चारे की भी व्यवस्था कराई गई है। गौशाला में 37 गोवंश हैं, सभी को समय पर चारा पानी दिया जाता है। पशु चिकित्सक डा. संजीव कुमार भुइयार हर सप्ताह गौशाला का निरीक्षण करते हैं। जबकि ब्लॉक कादरचौक जगत, उसावा में गोवंश को साफ पेयजल और हरे चारे की व्यवस्था नहीं की गई है।

उत्साह

भाजपा स्थापना दिवस पर संगठन की मजबूती और सेवा का संकल्प दोहराया

# ध्वजारोहण के साथ मनाया भाजपा का स्थापना दिवस

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



भाजपा कार्यालय पर ध्वजारोहण करते जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- जिलेभर में भाजपा स्थापना दिवस की धूम, जिले से बूथ तक लहराया पार्टी ध्वज

**अमृत विचार :** भाजपा के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यालय में भव्य व उत्साहपूर्ण कार्यक्रम हुए। भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव, पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य आदि जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों ने ध्वजारोहण कर जिला संगोष्ठी को संबोधित किया। वहीं जिले के सभी मंडलों में कार्यकर्ताओं ने ध्वजारोहण किया। बूथों पर अपने-अपने घरों पर पार्टी का ध्वज लगाकर स्थापना दिवस को उत्साहपूर्वक मनाया।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में स्थापित हुई है जो करोड़ों कार्यकर्ताओं के त्याग, तपस्या और निस्वार्थ सेवा का परिणाम है। भाजपा सिर्फ एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा का सशक्त माध्यम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज वैश्विक स्तर पर नई पहचान बना रहा है और जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाया जा रहा है जो अंत्योदय के संकल्प को साकार करता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सुशासन, सुरक्षा और विकास का एक सशक्त मॉडल स्थापित हुआ है। संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाते हुए विकसित भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। सदर विधायक ने कहा कि भाजपा की असली ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता और सशक्त विचारधारा हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में सुशासन और विकास की नई दिशा स्थापित हुई है। प्रदेश में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ हुई है। विकास कार्यों को नई गति मिली है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम की भावना से कार्य करता है।

यही संगठन की सबसे बड़ी शक्ति है। देश व विदेश में विकास, सुरक्षा और सेवा के नए आयाम स्थापित हुए हैं। गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं प्रभावी रूप से लागू की जा रही हैं जिसका लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंच रहा है। राष्ट्रीय परिषद सदस्य हरप्रसाद सिंह पटेल ने कहा कि भाजपा की विचारधारा और संगठनात्मक मजबूती ही उसे निरंतर नई ऊंचाइयों तक ले जा रही है।

कार्यकर्ताओं के समर्पण और परिश्रम के बल पर पार्टी ने देश की राजनीति में एक नई दिशा प्रदान की है। कार्यकर्ताओं से कहा वह सेवा, समर्पण और संगठन की भावना के साथ कार्य करते हुए विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में अपना योगदान सुनिश्चित करें। मंच का संचालन जिला महामंत्री शैलेंद्र मोहन शर्मा ने किया। पूर्व मंत्री राममूर्ति लाल, पूर्व चेयरमैन दीपमाला गोयल, क्षेत्रीय संयोजक बुद्ध पाल सिंह, अल्पसंख्यक मोर्चा राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य मनोज मसीह, एमएलसी प्रतिनिधि शारदेंदु पाठक आदि मौजूद रहे।

# एचपीसीएल के अधिकारियों ने लिया जायजा, 10 दिनों में शुरू हो सकता है प्लांट का संचालन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** दो अधिकारियों की हत्या के बाद से बंद चल रहे दातागंज के गांव सैंजनी स्थित एचपीसीएल के प्लांट के संचालन की राह अब साफ हो गई है। सोमवार को एचपीसीएल के उच्च स्तरीय अधिकारियों की सुरक्षा, संचालन समेत तीन टीमों ने स्थलीय निरीक्षण किया। बताया जा रहा है कि नए सिरे से कर्मचारियों की तैनाती कर 10 दिनों में प्लांट का संचालन शुरू कर दिया जाएगा।

प्लांट पर 12 मार्च को उप महाप्रबंधक सुधीर गुप्ता और सहायक उप प्रबंधक हर्षित मिश्रा की दिन दहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मुख्य आरोपी अजय प्रताप सिंह समेत उसके दो सहयोगियों को जेल भेजा जा चुका है। इसके बाद प्लांट का संचालन रुक गया था। रोज लाखों रुपये का नुकसान हो रहा था। इसी बीच कर्मचारियों की तैनाती करने वाली संस्था ने 87 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया था। कहा गया था कि प्लांट का संचालन न होने की वजह से वह कर्मचारियों को वेतन नहीं दे पाएंगी। एचपीसीएल के अधिकारी डीएम और एसएसपी के संपर्क में रहे। संचालन को लेकर कई बार बात की। सुरक्षा व संचालन को लेकर चर्चा की। 24 मार्च को महाराष्ट्र के पूर्व डीजीपी व एचपीसीएल के सुरक्षा सलाहकार केपी रघुवंशी, दिल्ली से कार्यकारी निदेशक मोहित धवल समेत चार सदस्यीय कमेटी ने व्यवस्था का जायजा लिया था। सोमवार को भी

> एचपीसीएल के अधिकारियों ने प्लांट का जायजा लिया था। सुरक्षा और संचालन की व्यवस्था देखी। प्लांट के संचालन की तैयारी लगभग पूरी हो गई है। उम्मीद है कि 15 अप्रैल तक प्लांट का संचालन शुरू कर दिया जाएगा। **- धर्मेंद्र कुमार,** एसडीएम दातागंज

कार्यकारी निदेशक मोहित धवल समेत 12 सदस्यीय टीम प्लांट पर पहुंची। सुरक्षा और संचालन को लेकर चर्चा की गई। लोगों का मानना है कि गैस के संकट से जूझ रहे देश के लिए इस समय प्लांट का संचालन बहुत जरूरी है।

## सत्याग्रह करने जा रहे कांग्रेस जिलाध्यक्ष को रोका

**बदायूं, अमृत विचार :** एचपीसीएल प्लांट पर हुए दोहरे हत्याकांड की सीबीआई जांच की मांग को लेकर सत्याग्रह करने जा रहे कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव को पुलिस ने रोक लिया। शाम तक उन्हें थाना बिनावर ले जाकर हिरासत में रखा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि एसआईटी जांच मंजूर नहीं है, सीबीआई जांच के लिए मांग करते रहेंगे। प्लांट पर 12 मार्च को दो अधिकारियों की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर कमिश्नर के नेतृत्व में एसआईटी जांच की गई है। मृत अधिकारियों के परिजनों के साथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष भी सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं। उन्होंने न्याय यात्रा निकालने का आह्वान किया था जो पुलिस ने शुरू नहीं होने दी। उन्हें नेकपुर स्थित कांग्रेस कार्यालय पर नजरबंद किया गया था। जिसके बाद उन्होंने छह अप्रैल से तहसील दातागंज में सत्याग्रह करने का आह्वान किया। सोमवार को वह सत्याग्रह करने के लिए निकले। सुबह 9 बजे दातागंज में बेलाडांडी स्थित कांग्रेस कार्यालय पहुंचे। कार्यकर्ता एकत्रित होने लगे। पुलिस को सूचना मिली तो सिविल लाइन कोतवाल हरेंद्र सिंह दातागंज पुलिस के साथ कार्यालय पर पहुंचे। अजीत यादव को हिरासत में थाना बिनावर ले गए। शाम पांच बजे उन्हें उनके आवास पर छोड़ा। सत्याग्रह के चलते पूरा दिन तहसील दातागंज छावनी बना रहा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सीबीआई जांच कराने और न्याय दिलाने के लिए संघर्ष जारी रहेगा। कहा कि मृतक हर्षित मिश्रा के माता पिता ने न्याय न मिलने पर आत्मदाह की धमकी दी है। दीपक मिश्रा, गिरीश चंद्र, राजीव पटेल, वेद प्रकाश, सुरेंद्र सिंह आदि ने आवास पर जाकर जिलाध्यक्ष से बात की।

**स्वतंत्र कर देते दो हम ही मार देते :** हत्याकांड में लापरवाही पर थाना मूसाझाग के इंस्पेक्टर अजय कुमार और दारोगा धर्मेंद्र कुमार को निलंबित कर दिया गया था। सोमवार को दारोगा का वीडियो सामने आया है। उन्होंने कहा कि आरोपी हम पर यह लगाया गया है कि आरोपी का 151 में चालान क्यों नहीं किया। उसे पकड़ा नहीं गया। और न ही आरोप पत्र समय से प्रेषित किया गया। अभी पूरी विवेचना भी नहीं हुई थी। वह डिस्मिस था और उसका कंपनी में आना-जाना भी बंद था। दो भाई उसी कंपनी में काम करते हैं। एक-एक जो एक्स आर्मी मैन भी नहीं है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत गोपालपुर, वि.खं. फरीदपुर (बरेली)

**निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मों एवं सामग्री के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2026-27 में पन्द्रहवां वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा योजना/एस एल डब्लू एम, एस वी एम, ओ एस आर, तथा आई सी डी एस आदि से निर्माण कार्य, सी सी रोड, नव नाली निर्माण/मरम्मत, खडंजा नव निर्माण/मरम्मत, मिट्टी कार्य, फर्नीचर, दरी, एल.ई.डी. लाईटें स्थापना/अनुरक्षण हैण्ड पम्प रिबोर/अनुरक्षण, हयूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिंग कार्य, सामुदायिक शौचालय निर्माण/मरम्मत, सामुदायिक शौचालय वॉल पेंटिंग, आंगनबाड़ी शौचालय निर्माण/मरम्मत, सोलर लाईट, पशु शेड, शोक पिट, सार्वजनिक शौचालय निर्माण/मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल निर्माण/मरम्मत, वृक्षारोपण, आंगनबाड़ी भवन निर्माण/मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग, पानी की टंकी का निर्माण, पंचायत भवन की बाउंड्रीवॉल का निर्माण/मरम्मत, आंगनबाड़ी भवन निर्माण/मरम्मत, स्कूल बाउंड्रीवॉल/मरम्मत, ई-रिक्शा क्रय/मरम्मत, पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, सूचना बोर्ड की स्थापना, सफाई ठेली क्रय/मरम्मत, गोआश्रय स्थल निर्माण/मरम्मत, जन सेवा केंद्र (सीएससी) का निर्माण/मरम्मत, खाद के पक्के गड्डों का निर्माण, पंचायत भवन हेतु डेस्कटॉप, कंप्यूटर, लेजर प्रिंटर, डबल बैटरी/सोलर पैनल, सी सी टी वी कैमरा, पंचायत भवन में अन्य अनुरक्षण कार्य, अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण क्रय, अन्नपूर्णा (खाद्यान्न) भवन निर्माण, अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराए जाने है। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु ईट, रोड़ा, सीमेंट, मोरंग, रेत, बजरी, लोहा, टाइल, पाइप, टोंटी, स्टेशनरी, पटान हेतु मिट्टी/राख सैनेटाइजिंग, फागिंग कार्य, स्प्रे मशीन, सफाई किट आदि वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 13.04.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जिन्हें दिनांक 13.04.2026 को दिन के 02:00 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएंगी। निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। कार्य योजना/कार्यो का विवरण ग्राम पंचायत से निविदा प्राप्त करते समय प्राप्त किया जा सकता है।

प्रधान-श्रीमती रजनीशा देवी सचिव-जगत पाल सिंह



## कार्यालय ग्राम पंचायत रुरिया, वि.खं. फरीदपुर (बरेली)

**निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मों एवं सामग्री के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2026-27 में पन्द्रहवां वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा योजना/एस एल डब्लू एम, एस वी एम, ओ एस आर, तथा आई सी डी एस आदि से निर्माण कार्य, सी सी रोड, नव नाली निर्माण/मरम्मत, खडंजा नव निर्माण/मरम्मत, मिट्टी कार्य, फर्नीचर, दरी, एल.ई.डी. लाईटें स्थापना/अनुरक्षण हैण्ड पम्प रिबोर/अनुरक्षण, हयूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिंग कार्य, सामुदायिक शौचालय निर्माण/मरम्मत, सामुदायिक शौचालय वॉल पेंटिंग, आंगनबाड़ी शौचालय निर्माण/मरम्मत, सोलर लाईट, पशु शेड, शोक पिट, सार्वजनिक शौचालय निर्माण/मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल निर्माण/मरम्मत, वृक्षारोपण, आंगनबाड़ी भवन निर्माण/मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग, पानी की टंकी का निर्माण, पंचायत भवन की बाउंड्रीवॉल का निर्माण/मरम्मत, आंगनबाड़ी भवन निर्माण/मरम्मत, स्कूल बाउंड्रीवॉल/मरम्मत, ई-रिक्शा क्रय/मरम्मत, पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, सूचना बोर्ड की स्थापना, सफाई ठेली क्रय/मरम्मत, गोआश्रय स्थल निर्माण/मरम्मत, जन सेवा केंद्र (सीएससी) का निर्माण/मरम्मत, खाद के पक्के गड्डों का निर्माण, पंचायत भवन हेतु डेस्कटॉप, कंप्यूटर, लेजर प्रिंटर, डबल बैटरी/सोलर पैनल, सी सी टी वी कैमरा, पंचायत भवन में अन्य अनुरक्षण कार्य, अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण क्रय, अन्नपूर्णा (खाद्यान्न) भवन निर्माण, अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराए जाने है। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु ईट, रोड़ा, सीमेंट, मोरंग, रेत, बजरी, लोहा, टाइल, पाइप, टोंटी, स्टेशनरी, पटान हेतु मिट्टी/राख सैनेटाइजिंग, फागिंग कार्य, स्प्रे मशीन, सफाई किट आदि वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 13.04.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जिन्हें दिनांक 13.04.2026 को दिन के 02:00 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएंगी। निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। कार्य योजना/कार्यो का विवरण ग्राम पंचायत से निविदा प्राप्त करते समय प्राप्त किया जा सकता है।

प्रधान-श्रीमती जावित्री सचिव-जगत पाल सिंह



## कार्यालय ग्राम पंचायत रजऊ परसपुर, वि.खं. फरीदपुर (बरेली)

**निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मों एवं सामग्री के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2026-27 में पन्द्रहवां वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा योजना/एस एल डब्लू एम, एस वी एम, ओ एस आर, तथा आई सी डी एस आदि से निर्माण कार्य, सी सी रोड, नव नाली निर्माण/मरम्मत, खडंजा नव निर्माण/मरम्मत, मिट्टी कार्य, फर्नीचर, दरी, एल.ई.डी. लाईटें स्थापना/अनुरक्षण हैण्ड पम्प रिबोर/अनुरक्षण, हयूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिंग कार्य, सामुदायिक शौचालय निर्माण/मरम्मत, सामुदायिक शौचालय वॉल पेंटिंग, आंगनबाड़ी शौचालय निर्माण/मरम्मत, सोलर लाईट, पशु शेड, शोक पिट, सार्वजनिक शौचालय निर्माण/मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल निर्माण/मरम्मत, वृक्षारोपण, आंगनबाड़ी भवन निर्माण/मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग, पानी की टंकी का निर्माण, पंचायत भवन की बाउंड्रीवॉल का निर्माण/मरम्मत, आंगनबाड़ी भवन निर्माण/मरम्मत, स्कूल बाउंड्रीवॉल/मरम्मत, ई-रिक्शा क्रय/मरम्मत, पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, सूचना बोर्ड की स्थापना, सफाई ठेली क्रय/मरम्मत, गोआश्रय स्थल निर्माण/मरम्मत, जन सेवा केंद्र (सीएससी) का निर्माण/मरम्मत, खाद के पक्के गड्डों का निर्माण, पंचायत भवन हेतु डेस्कटॉप, कंप्यूटर, लेजर प्रिंटर, डबल बैटरी/सोलर पैनल, सी सी टी वी कैमरा, पंचायत भवन में अन्य अनुरक्षण कार्य, अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण क्रय, अन्नपूर्णा (खाद्यान्न) भवन निर्माण, अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराए जाने है। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु ईट, रोड़ा, सीमेंट, मोरंग, रेत, बजरी, लोहा, टाइल, पाइप, टोंटी, स्टेशनरी, पटान हेतु मिट्टी/राख सैनेटाइजिंग, फागिंग कार्य, स्प्रे मशीन, सफाई किट आदि वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 13.04.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जिन्हें दिनांक 13.04.2026 को दिन के 02:00 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएंगी। निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। कार्य योजना/कार्यो का विवरण ग्राम पंचायत से निविदा प्राप्त करते समय प्राप्त किया जा सकता है।

प्रधान-श्री वीरेन्द्र सिंह सचिव-प्रदीप सिंह



## कार्यालय ग्राम पंचायत गोबिंदपुर, वि.खं. फरीदपुर (बरेली)

**निविदा आमंत्रण सूचना**

